(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

आरआरआर की सफलता...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सोमवार, 11 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 112 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# पीएम मोदी ने लोगों को कोविड -19 के खिलाफ चेतावनी दी

## कहा– संकट अभी खत्म नहीं हुआ, वायरस बदलते रूप हैं

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस गया नहीं है और यह बार–बार सामने आ रहा है। साथ ही, उन्होंने लोगों से कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के खिलाफ सतर्कता बरतना जारी रखने की अपील भी की। मोदी ने कहा कि किसी को नहीं पता कि 'बहरूपिया' कोविड–19 फिर कब सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड–19 को फैलने से रोकने के लिए टीकों की करीब 185 करोड़ खुराक देने का काम लोगों के समर्थन से ही संभव हो पाया। मोदी ने गुजरात में जूनागढ़ जिले के वंथली में मां उमिया धाम के महापटोत्सव कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित किया। कडवा पाटीदार समुदाय की देवी मानी जाने वाली मां उमिया के मंदिर के 14वें स्थापना दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मोदी ने मां उमिया के भक्तों से धरती मां को रासायनिक उर्वरकों के संकट से बचाने के लिए प्राकृतिक खेती के तरीके अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के 75वें साल में आयोजित किए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने में मदद करने की भी लोगों से अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कोरोना वायरस (वैश्विक महामारी) एक बड़ा संकट था और हम यह नहीं कह रहे कि संकट समाप्त हो गया है। यह कुछ देर के लिए भले ही थम गया है, लेकिन हमें नहीं पता कि यह फिर से कब सामने आ जाएगा। यह एक



'बहरूपिया' बीमारी है। इसे रोकने के लिए करीब 185 करोड़ खुराक दी गई हैं, जिसने दुनिया को अचम्भित कर दिया है। यह आपके समर्थन से ही संभव हो पाया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि मां उमिया के श्रद्धालुओं को खून की कमी से पीड़ित माताओं और कुपोषित बच्चों की देखभाल करने के लिए ग्रामीण स्तर पर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर का प्रबंधन करने वाले 'मां उमिया ट्रस्ट' को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''मां उमिया के भक्तों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी समुदाय का कोई बच्चा कुपोषित न रहे। यदि बच्चा मजबूत होता है, तो समुदाय और देश मजबूत बनता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जानगरुकता के कारण देश की बेटियां ओलंपिक में खुद को साबित कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी बेटियों पर किसे गर्व नहीं होगा?'' उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाकर धरती मां की रक्षा करने की सरकार की मुहिम का समर्थन करने और पानी के संरक्षण के लिए काम करना जारी रखने का लोगों से अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें धरती मां को बचाना होगा. .. हमें एक ऐसे (गुजरात के) राज्यपाल (आचार्य देवव्रत) मिले हैं, जो प्राकृतिक खेती के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। उन्होंने तालुका स्तर पर किसान सभाओं को संबोधित किया है और लाखों किसान प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं।'' मोदी ने लोगों से हर जिले में मौजूदा जलाशयों को गहरा करके, जमीन खोदकर और जीर्णोद्धार करके 75 'अमृत सरोवर' बनाकर जल संरक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा, ''आइए, हम प्रत्येक जिले में 75 झीलों की परियोजना शुरू करें। लाखों छोटे बांध बनाने वाले आप लोगों के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। कल्पना कीजिए कि यह कितनी बड़ी सेवा होगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गंभीर जल संकट का सामना किया है, उन्हें जल संरक्षण का काम छोड़ना नहीं चाहिए, भले ही इस दिशा में कितनी भी सफलता मिल गई हो। उन्होंने कहा, ''यह काम हर साल मॉनसून से पहले पानी के संरक्षण के लिए झीलों को गहरा करके और जल स्रोत की सफाई करके किया जाना चाहिए।

## 12 अप्रैल को अमित शाह से मिलेंगे भगवंत मान, इन मुद्दों पर होगी चर्चा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में देश के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की ये मुलाकात 12 अप्रैल को होगी। इससे पहले मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर चुके हैं। लेकिन गृह मंत्री के साथ उनकी ये पहली मुलाकात होगी। पंजाब के सीएम की गृह मंत्री संग मुलाकात को शिष्टाटार भेंट बताया जा रहा है। लेकिन पंजाब के बॉर्डर स्टेट होने की वजह से दोनों के बीच सुरक्षा को लेकर भी बातचीत होने की संभावना है। पंजाब सरकार की तरफ से इस मुलाकात को लेकर कहा गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि वह पंजाब पुलिस को सीमापार तस्करी के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराने के मुद्दे को उठाने के लिए 12 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। इससे पहले मान ने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से भी सीमा सुरक्षा और सीमापार से नशीली पदार्थों तथा हथियारों की तस्करी को खत्म करने के मुद्दे को खत्म करने को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की। बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी पहली मुलाकात के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के अलावा राज्य में समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए केंद्र से एक लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की थी।

## टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने राजनाथ, जयशंकर अमेरिका पहुंचे

वाशिंगटन। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को वाशिंगटन में भारत–अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेने के लिए अमेरिकी राजधानी पहुंच गए हैं। यह अमेरिका के बाइडन प्रशासन के कार्यकाल में पहली 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता है। यह 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता यूक्रेन संकट के साये में आयोजित हो रही है और यह दोनों सरकारों द्वारा इस द्विपक्षीय संबंध को दिये जाने वाले महत्व को प्रतिबिंबित करती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दोनों देशों को स्वाभाविक सहयोगी बताया था। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को व्हाइट हाउस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ डिजिटल बैठक करेंगे और ऐसा करके



उन्होंने 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के स्तर को बढ़ाने का संकेत दिया है। दो भारतीय मंत्री–सिंह और जयशंकर– का अपने अमेरिकी समकक्षों– अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन– के साथ व्हाइट हाउस से डिजिटल बैठक में शामिल होना निर्धारित है। दिन की शुरुआत तब होगी जब सिंह का पेंटागन में ऑस्टिन द्वारा स्वागत किया जाएगा और ब्लिंकन विदेश विभाग के फोगी बॉटम मुख्यालय में जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे। इसके बाद, चारों मंत्री मोदी–बाइडन डिजिटल बैठक के लिए व्हाइट हाउस जाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि डिजिटल बैठक के दौरान, बाइडन और मोदी कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिनमें कोविड–19 महामारी को समाप्त करना, जलवायु संकट का मुकाबला करना, वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा, लोकतंत्र और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाये रखना शामिल हैं। संबंधित प्रतिनिधिमंडल के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक दोपहर में विदेश विभाग में होगी। 2+2 के समापन पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन तय किया गया है। इसे ऑस्टिन और ब्लिंकन के साथ सिंह और जयशंकर संबोधित करेंगे।

## वेज अे नॉन वेजः जेएनयू में भिड़े लेफ्ट और एबीवीपी के छात्र, जानें पूरा मामला

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में नॉनवेज को लेकर छात्रों में विवाद हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रामनवमी के दिन जेएनयू के कैंपस में वामपंथी छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषध (एबीवीपी) के छात्रों पर मांसाहारी भोजन खाने से रोकने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने लेफ्ट समर्थित छात्रों पर रामनवमी के अवसर पर हॉस्टल में पूजा करने से रोकने का आरोप लगाया है। इन सब के बीच विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि जेएनयू कैंपस के मेस में किसी भी धर्म के लिए खाने–पीने को लेकर कोई रोक नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की मनाही नहीं है। चाहे रमजान हो या रामनवमी हर किसी को इसे अपने तरीके से मनाने का अधिकार है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि किसी के भी पहनावे या खान–पान को लेकर, आस्था को लेकर रोक टोक नहीं की जा सकती है। सभी लोग अपने धर्म का पालन करें।

## ठाकुर के नाम पर नड्डा की मुहर, बीजेपी चीफ ने किया साफ, किसके चेहरे पर हिमाचल का चुनाव लड़ेगी पार्टी


नई दिल्ली। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन दिनों हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। हिमाचल प्रदेश में इस साल के अंत में ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिमला में नगर पार्षद और अन्य नेताओं से मुलाकात की। इसके साथ ही बीजेपी अध्यक्ष ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि साफ कर दिया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा। जेपी नड्डा ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि पार्टी जयराम ठाकुर के चेहरे पर ही आगामी विधानसभा चुनाव में उतरेगी। इसके साथ ही नड्डा ने कहा कि



टिकट वितरण में इस बात को लेकर विशेष ध्यान रखा जाएगा कि कौन सा उम्मीदवार किस सीट से जीत दर्ज कर सकता है। हिमाचल दौरे पर पहुंचे जेपी नड्डा ने कहा कि जब भी केंद्र में भाजपा सरकार रही तब हिमाचल प्रदेश की मेन स्ट्रीमिंग हुई है और हिमाचल प्रदेश मुख्यधारा में विकास के क्रम में आगे बढ़ा है। जब दुर्भाग्य से केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही तब हिमाचल के हितों का हनन हुआ है। शिमला में 3,000 स्लम परिवारों को हिमाचल सरकार ने 2 बिस्वा जमीन आवंटित करने का कानून बनाया और सभी स्लम परिवारों को हिमाचल में बसाने का काम किया। पहले इन्हें बिजली कमर्शियल रेट पर दी जाती थी लेकिन अब इन्हें टेम्परेरी कनेक्शन के साथ 60 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। जेपी नड्डा ने कहा कि धूमल जी की हिमाचल में और अटल जी की केंद्र में सरकार थी, तो उस समय हिमाचल को इंडस्ट्रियल पैकेज मिला था, जो 10 वर्षों के लिए था और हमारी सरकार रहती तो इस पैकेज का समय बढ़ना भी था। केंद्र में यूपीए सरकार आयी और उन्होंने 8 साल में ही ये पैकेज विड्रॉ कर लिया। जब भी केंद्र में भाजपा की सरकार रही है, तभी हिमाचल विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ा है। जब दुर्भाग्यवश यहां और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही है, तभी हिमाचल के हितों का हनन हुआ है।

## नेपाल में विदेशी मुद्रा भंडार घटा, केंद्रीय बैंक ने महंगी वस्तुओं के आयात पर लगाई रोक

काठमांडू। नेपाल के केंद्रीय बैंक ने वाहनों और अन्य महंगी या लग्जरी वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने की घोषणा की है। यह कदम नकदी की कमी और घटते विदेशी मुद्रा भंडार के कारण उठाया गया है। हालांकि, सरकार ने आश्वासन दिया था कि देश की अर्थव्यवस्था श्रीलंका की तरह गर्त में नहीं जाएगी। नेपाल के वाणिज्यिक बैंकों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने पिछले हफ्ते ये निर्देश जारी किए। एनआरबी के प्रवक्ता गुणाखार भट्ट ने कहा, ''हमें



अर्थव्यवस्था में किसी तरह के संकट के संकेत नजर आ रहे हैं जो मुख्यतरू आयात बढ़ने की वजह से हैं। इसलिए हम उन वस्तुओं के आयात को रोकने पर विचार कर रहे हैं जिनकी तुरंत आवश्यकता नहीं है।'' आयात बढ़ने, पर्यटन एवं निर्यात से होने वाली आय की कमी और भुगतान प्रवाह घटने के कारण नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार में जुलाई, 2021 से गिरावट आ रही है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी, 2022 तक देश का विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 17 प्रतिशत घटकर 9.75 अरब डॉलर रह गया, जो जुलाई, 2021 के मध्य तक 11.75 अरब डॉलर था। नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा ने भरोसा दिलाया था कि देश श्रीलंका की राह पर नहीं जा रहा है।

## पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति करेंगे वर्चुअल बैठक, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का 46वां दिन है और दुनियाभर की निगाहें इस पर टिकी हैं। लेकिन इन सब के बीच विश्व के दो बड़े लीडर्स यानी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच 11 अप्रैल को वर्चुअल बैठक होगी। जिसकी जानकारी व्हाइट हाउस की तरफ से दी गई है। व्हाइट हाउस ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों के शीर्ष विदेश नीति और रक्षा अधिकारियों के बीच 2. 2 द्विपक्षीय बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेनऔर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 अप्रैल को एक वर्चुअल बैठक होगी।

व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि यह बैठक विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन, और विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर और भारत के



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच यूएस–इंडिया 22 मंत्रिस्तरीय से पहले होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी के बयान में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन हमारी सरकारों, अर्थव्यवस्थाओं और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने के लिए पीएम मोदी संग बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों पक्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने सहित मुद्दों को लेकर चर्चा करेंगे। दोनों देशों के नेता इंडो–पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के विकास और उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को वितरित करने को लेकर चल रही बातचीत को आगे बढ़ाएंगे। अमेरिका ये चाहता है कि उसके जैसे प्रतिबंध भारत भी रूस पर लगाए और इसको लेकर दवाब भी बनाने की कोशिश की गई। लेकिन भारत की तरफ से कोई स्थिति साफ नहीं की गई। भारत एक न्यूट्रल देश है। इससे पहले रूस की तरफ से ये मंशा भी जाहिर की गई थी कि युद्ध की मध्यस्थता भारत करे। अब जो बाइडेन खुद वर्चुअली बैठक करने वाले हैं। आपको याद होगा कि अभी मार्च में ही दोनों नेता क्वाड की समिट में वर्चुअली मिले थे। उसके बाद ये मीटिंग हो रही है। 2. 2 डॉयलाग में भारत के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री अमेरिका के विदेश व रक्षा मंत्री से मुलाकात करेंगे। जिसके लिए एस जयशंकर और राजनाथ सिंह वाशिंगटन पहुंचे हुए हैं। उससे ठीक पहले ये बैठक करना दिखाता है कि किस तरह से शीर्षस्थ नेतृत्व भारत और अमेरिका की मित्रता को अपने हाथ में लिए हुए है और उसको आगे ले जाया जा रहा है। इसके साथ ही खासतौर से ये इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ये चर्चा खूब हो रही थी कि भारत का रूस की तरफ ज्यादा झुकाव है। यूएन के वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया गया और पश्चिम के देशों का साथ नहीं दिया जा रहा। ऐसे में बाइडेन का पहले पीएम मोदी संग मंत्रणा करना और फिर 2. 2 डॉयलाग को आगे बढ़ाना एक बहुत ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटना है।



# गरीबो के राशन पर गिलौला गोदाम प्रभारी का डाका

## योगी सरकार के मंसूबो पर लगा रहे है पलीता

श्रावस्ती।श्रावस्ती में भ्र्ष्टाचार का इतिहास रचने में विपणन व आपूर्ति विभाग व्यस्त है।केंद्र सरकार की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के उद्देश्यों को जिम्मेदार पलीता लगाने में जुटे है। आकंठ भ्र्ष्टाचार में डूबे विभाग ने गरीबों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई निशुल्क राशन की व्यवस्था की अवधि को केंद्र व प्रदेश सरकार ने बढ़ा दिया है, इसकी सराहना भी खूब हो रही है,परन्तु यहां व्यवस्था पटरी से उतरी हुई दिख रही है।उल्लेखनीय हो कि राशन और सुशासन ने प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बना दी, लेकिन गरीबों को मिलने वाले लाभ का काफी हिस्सा जिम्मेदार डकार रहे हैं।

श्रावस्ती के पांच ब्लाकों में सिर्फ गिलौला गोदाम में बिना तौल के गोदाम प्रभारी खाद्यान्न दे रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार गिलौला गोदाम पर प्रति कोटेदार से प्रभारी 500 रूपये एसडीएम इकौना के नाम पर वसूल रहे हैं। यह हम नहीं कोटेदार बता रहे हैं। यही हाल सब जगह की है।पूरे जिले में दो व तीन रुपये प्रति यूनिट सप्लाई इंस्पेक्टर कोटेदारों से वसूल रहे हैं। तीन रूपये प्रति बोरी पल्लेदारी के नाम पर वसूला जा रहा है।गोदाम पर परखी लगवाकर हर बोरी से खाद्यान्न निकलवा कर लाखों का राशन बेचा जा रहा है।विरोध करने पर गिलौला गोदाम प्रभारी कोटेदारों पर ही आरोप लगाकर अपने बचाव में अधिकारी को गुमराह कर रहे हैं।भ्र्ष्टाचार के कारनामों का इतिहास रच रहे गोदाम प्रभारी के खिलाफ कोटेदारों ने मोर्चा खोल दिया है।शासन व प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर गिलौला के कोटेदारों ने कार्रवाई के साथ तबादले की मांग की है। डीएम ने इसकी जांच के लिए बीडीओ गिलौला को निर्देश दिए हैं।गिलौला के कोटेदारों ने खाद्यान्न न उठाने का भी निर्णय लिया है। गोदाम प्रभारी के संवेदनहीन रवैए से कोटेदार जार–जार रो रहे हैं तो जिम्मेदार अधिकारी व सियासतजदा मौन हैं।गरीबों के राशन में लगे भ्र्ष्टाचार के घुन को कार्रवाई नामक दवा से खत्म किया जाएगा या घोटाले के सच को झूठ की तरकीब से दबा दिया जाएगा।यह लोगों में चर्चा है।हाल फिलहाल सुशासन और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता के सिद्धांत वाली योगी सरकार में भ्र्ष्टाचार के कारण को मिटाकर निवारण की डगर कौन दिखाएग? इसका आमजन को इंतजार है।

# सम्राट अशोक के विचारों से की जा सकती है विश्व में शांति की स्थापनाः निर्मल खत्री

## कांग्रेसियों ने सम्राट अशोक महान को जयंती पर किया नमन

अयोध्या। भगवान बुद्ध के संदेश को पूरी दुनिया में प्रचारित करने वाले विश्व विजेता चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान जी की जयंती पर कांग्रेस जनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश मौर्य ने किया इसके उपरांत आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहा सम्राट अशोक के विचारों को अनुकरण करके ही विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है। उन्होने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने बताया शांति के सहारे ही विश्व में बंधुत्व स्थापित किया जा सकता है ना कि युद्ध के रास्ते पर चलकर। पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा सम्राट अशोक को 'चक्रवर्ती सम्राट अशोक' कहा जाता है, जिसका अर्थ है– 'सम्राटों के सम्राट', और यह स्थान भारत में केवल सम्राट अशोक को मिला है। सम्राट अशोक को अपने विस्तृत साम्राज्य से बेहतर कुशल प्रशासन तथा बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए जाना जाता है। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा हमें अशोक के सिद्धांतों को अपनाकर विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा सम्राट अशोक ने बौद्ध्ध–धर्म के प्रचार–प्रसार को अपने राज्य तक ही सीमित नहीं रखा अपितु विदेशों में भी इसके प्रचार–प्रसार के लिए भिक्षुओं को भेजा । चीन, जापान, तिब्बत, श्रीलंका आदि देशों में बौद्ध्ध–धर्म की नींव सम्राट अशोक ने ही रखी। विधानसभा प्रत्याशी रही श्रीमती रीता मौर्या ने कहा मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अखण्ड भारत पर राज्य किया है तथा उनका मौर्य साम्राज्य उत्तर में हिन्दुकुश, तक्षशिला की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी, सुवर्णगिरी पहाड़ी के दक्षिण तथा मैसूर तक तथा पूर्व में बांग्लादेश, पाटलीपुत्र से पश्चिम में अफगानिस्तान, ईरान, बलूचिस्तान तक पहुँच गया था। सम्राट अशोक का साम्राज्य आज का सम्पूर्ण भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यान्मार के अधिकांश भूभाग पर था, यह विशाल साम्राज्य उस समय तक से आज तक का सबसे बड़ा भारतीय साम्राज्य रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ,पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश मौर्य ,प्रवीण श्रीवास्तव ,डीएन वर्मा, रमेंद्र त्रिपाठी मोहम्मद आरिफ दयावती राजकुमार यादव सविता यादव राम निहाल मौर्य आदि उपस्थित थे

# अवर अभियंता की लापरवाही से करंट लगने से बिजली कर्मी की मौत

बहराइच। जिले की कोतवाली नानपारा के डिहवा गांव निवासी एक प्राइवेट लाइन कर्मी शट डाउन लेकर लाइन दुरुस्त कर रहा था। उसी दौरान मटेरा फीडर से बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। सभी जेई को मौत का जिम्मेदार बताते प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके से अवर अभियंता और एसडीओ फरार हो गए हैं। परिवार का ग्रामीणों के साथ धरना चल रहा है।कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम डिहवा निवासी बबलू उर्फ बुधराम (30) बेटा घसीटे मटेरा विद्युत उपकेंद्र में संविदा कर्मी लच्छी के साथ लाइन जोड़ने का काम करता था। बबलू के जीजा मगन बिहारी ने बताया कि एचटी लाइन से आम के पेड़ के डाल लग रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर अवर अभियंता और संविदा कर्मी ने बबलू को डाल काटने के लिए भेजा।बबलू ने शट डाउन लेकर डाल काटा। इसके बाद तार जोड़ना शुरू किया। तभी मटेरा विद्युत उप केंद्र से बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई। मौके पर ही करंट लगने से बबलू की मौत हो गई। सूचना पाकर परिवार के लोग रोते बिलखते पहुंचे। सभी का कहना है अवर अभियंता शहाबुद्दीन ने बिजली सप्लाई शुरू कराई। जिससे बबलू की मौत हुई है। वहां से ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र मटेरा पहुंच गए।यहां पर सभी ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों के उप केंद्र में घेराव के चलते एसडीओ और अवर अभियंता उप केंद्र से फरार हो गए। उधर ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पाकर नानपारा कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे हैं। ग्रामीणों से वार्ता चल रही है। लेकिन ग्रामीण मुआवजा और जेई पर कारवाई की मांग कर रहे हैं।

# नगर में नाला, तालाब, बावली, नजूल भूमि, स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जों को हटवाने की मांग तेज

करनैलगंज(गोंडा)। नगर में नाला, तालाब, बावली, नजूल भूमि, स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जों को हटवाने की मांग तेज हो गई है। एक ओर तो बाबा का बुलडोजर पूरे प्रदेश में धूम मचा रहा है, वहीं दूसरी ओर अतिक्रमण से कराह रहे करनैलगंज के निवासी नगर में बुलडोजर चलने की बाट जोह रहे हैं। अभी उसके यहां चलने की आहट भी नहीं सुनाई पड़ी है। प्रदेश में नयी सरकार के गठन के साथ ही पूरे प्रदेश में सरकारी भूमियों पर किये गये अतिक्रमण और माफियाओं पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। इससे अतिक्रमणकारियों और माफियाओं में भय का वातावरण बना हुआ है। पूरे प्रदेश में बुलडोजर चलते देख अतिक्रमण से कराह रहे करनैलगंज के निवासियों में यहां भी बुलडोजर चलने की आस जगी है। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र की तमाम सरकारी भूमि और तालाबों पर अवैध कब्जा करके मकान और दुकानें बन चुकी हैं। नगर में किये गये अतिक्रमणों से जहां कई तालाबों का अस्तित्व समाप्त हो गया है, वहीं सड़क के किनारे किये गये अतिक्रमण से आवागमन बाधित होता है। लोगों ने कई बार अतिक्रमणों को हटवाने की मांग की लेकिन उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गयी।

# 10 लाथार्थियों को मिलेगी आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन

बहराइच। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति एवं परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले (10 लाभार्थियों) कारीगरों को आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है, निर्धारित प्रपत्र पर अपने आवेदन–पत्र 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पासबुक की छाया प्रति के साथ पूर्ण कर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बहराइच जमा कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप उनके कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 05252–297928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# साइबर फ्रॉड पीड़ित के शत-प्रतिशत ग्यारह लाख रुपये वापस, पीड़ित ने पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा को दिया धन्यवाद

गोण्डा। डीआईजी देवीपाटन मंडल गोण्डा उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि रविन्द्र कुमार निवासी नानपारा जनपद बहराइच द्वारा आनलाइन लोन के नाम पर अपने बैंक खाते से 116549 हजार रुपये फ्राड कम्पनी के खाते में भेज दिया गया था द्य जब आवेदक को कम्पनी द्वारा किसी प्रकार का कोई लोन नही दिया गया, तो आवदेक द्वारा अपने साथ हुये फ्राड के सम्बन्ध में साइबर सेल जनपद बहराइच को सूचित किया गया फिर परिक्षेत्रीय साइबर थाना जनपद गोण्डा पर शिकायत दर्ज कराया गया। साइबर थाना द्वारा आवेदक का 116549 रुपये वापस करा दिया गया जिस पर पीड़ित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा उपेन्द्र कुमार अग्रवाल व साईबर थाना टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि किसी फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं पुलिस को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराएँ तथा परिक्षेत्रीय साइबर थाना पर शिकायत दर्ज कराएं ।

# आखिरकार हफ्तों बाद पुलिस ने दर्ज बाइक चोरी का मुकदमा

करनैलगंज(गोंडा)। तहसील परिसर से स्टाम्प बिक्रेता की बाइक चोरी मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू की है। घटना करनैलगंज तहसील परिसर से जुड़ी है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सोनवार निवासी शिवपूजन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे कहा गया है कि वह तहसील में स्टाम्प बिक्री का कार्य कर रहा है। वह प्रतिदिन की भांति तहसील परिसर स्थित अपनी दुकान से कुछ ही दूरी पर बाइक खड़ी करके वह अपने कार्य मे लग गया। उसी बीच चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गये। पीड़ित ने बताया कि बाइक की डिग्गी में उसका ड्राइविंग लाइसेंस व बाइक के कागजात रखे थे, वह भी साथ चले चले गये। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# जिसकी जैसी रुचि होगी वह इतिहास को वैसे घुमा देगाः चम्पत राय

## कहा-समाज में जो स्वाभिमानी और संप्रभुता सम्पन्न है वह गुलामी के काले धब्बे को धुलने में लगा रहता है

अयोध्या। डा राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में चल रहे 75 घंटे के अनवरत काव्य पाठ ने श्रोताओं के चित्त में आनंदानुभूति कराने के साथ हृदय के तारों को झंकृत कर दिया। काव्यपाठ के तीसरे दिन का उद्घाटन श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने किया। नेत्रहीन कवि जतिन मंडल ने भगवान राम के भजन को अपना स्वर प्रदान किया तो पूरा परिवेश भावविभोर हो उठा। करीब 270 कवियों ने अपनी प्रस्तुति से पूरी दर्शक दीर्घा को भावविभोर कर दिया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने कहा कि समाज में जो स्वाभिमानी और संप्रभुता सम्पन्न है। वह गुलामी के काले धब्बे को धुलने में लगा रहता है। परन्तु जिसकी जैसी रुचि होगी वह इतिहास को वैसे घुमा देगा। दुनिया के नक्शें में एक छोटा सा मुल्क है इजराईल। जिसने 1800 साल पहले अपनी धरती छोड़ दी। वह पूरी दुनिया में फैल गये। परन्तु जब इस समाज के लोग मिलते थे अथवा पत्राचार होता था तो वह कहते थे कि अगले वर्ष येरुशलम में मिलेंगे। 1800 साल तक यहीं किया। 80 से 90 पीढ़िया बीत गयी। अयोध्या ने भी पांच शताब्दी तक यही किया। हमारे ग्रंथ कहते है कि राम का जन्म वहीं हुआ था। 9 नवम्बर 2019 को इसका अंत हुआ। इतिहास की सच्चाई को न्यायपालिका ने मान लिया। विजय सत्य की हुई। इसका परिणाम आज पूरे दिश में दिखाई पड़ रहा है। विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा। रामजन्मतीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय व सदस्य डा अनिल मिश्रा का राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल व कार्यक्रम संयोजक हरीश श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह देकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वाधान में श्रीलंका से शिवरात्रि पर चलकर बाबा सत्यनारायन मौर्य के नेतृत्व में अयोध्या रामवनगमन काव्य यात्रा के पहुंचने पर 75 घंटे के अनवरत काव्य पाठ का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर 10 बजे इसका समापन होगा। काव्य पाठ में रामायण के विभिन्न दृश्यों को कवियों ने अपने शब्दों के माध्यम से सजीवता प्रदान की। भारतीय जीवन शैली का आधार राम है। राम के चरित्र का अध्ययन हमारे जीवन में परिवर्तन लाता है। देश के विभिन्न कोने से आये कवियों का सानिध्य मिलना अयोध्यावासियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। योगेन्द्र शर्मा ने बिना वनवास जीवन किसी का राम बन जाना, आरव शर्मा ने यदि राम सा संघर्ष हो तथा जतिन मंडल ने आवश्यकता नहीं मुझे नेत्रों की, मै अपने राम का हाथ पकड़कर चलता हूं कि प्रस्तुति की। इस अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा अनिल मिश्रा, प्रख्यात कवि हरिओम पवार, जिलाध्यक्ष अरुण द्विवेदी, रवि तिवारी, रेणुका रंजन श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर तिवारी, अनुजेंद्र तिवारी, मोहित मिश्र, विवेक पाण्डेय उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

बहराइच। जनपद में बोर्ड परीक्षा 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा–निर्देशों के अुनसार शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने अवध बिहारी मेमोरियल इण्टर कालेज भवनियापुर मटेरा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर प्रथम पाली में संचालित हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं को रखने, परीक्षा की निगरानी हेतु स्थापित किये गये क्लोज सर्किट टी.वी. की क्रियाशीलता, प्रश्नपत्रों को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करते समय बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल इत्यादि के बारे में केन्द्र व्यवस्थापकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पूरी कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कहा कि शान्तिपूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस–पास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिए सभी सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# लेखपाल ने नियम विरुद्ध सरकारी नक्शे में छेड़छाड़ कर पट्टे की भूमि को पैमाइस कर दूसरे को कब्जा करा दिया

करनैलगंज(गोंडा)। एक लेखपाल ने नियम के विरुद्ध सरकारी नक्शे में छेड़छाड़ किया और पट्टे की भूमि को पैमाइस कर प्रभावित करते हुए जमीन पर दूसरे परिवार को कब्जा करा दिया। विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम रेक्सडिया निवासी बाबूलाल ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि ग्राम पंचायत रेक्सडिया के गाटा संख्या 623 में उसके साथ ही गांव के एक और व्यक्ति को पट्टा आवंटित हुआ था। दोनो पट्टेदार अपनी पट्टे की भूमि पर काबिज हो गये थे। मगर दूसरे पट्टेदार ने हल्का लेखपाल से मिली भगत करके नक्से के साथ छेड़छाड़ किया और बिना किसी अधिकारी का आदेश प्राप्त किये ही लेखपाल ने फर्जी तरीके से ही हिस्सा तरमीम करके पैमाइस कर दिया। शिकायत करने पर एसडीएम ने बीते दिसम्बर माह आरआई को स्थलीय निरीक्षण कर अनाधिकृत नक्सा तरमीम मामले में उत्तरदायित्व निधारित करते हुये आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश आरआई को दिया था। जिसकी जिम्मेदारी हल्का लेखपाल को सौंपी गई थी। मगर उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई बल्कि हल्का लेखपाल ने पीड़ित की भूमि पर दूसरे पट्टेदार का छप्पर रखवाकर भूमि को कब्जा करा दिया।

# पुलिस ने पांच शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के दिशा निर्देशन में अपराधा की रोकथाम एवं अपराधियों की पकड़ धड़ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर थाना क्षेत्र के बारुन चौकी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में हुई एक लूट की वारदात में शामिल 5 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूटे गए जेवरात एवं नकदी भी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाने में एक लूट का एक मुकदमा पूर्व में धारा 395 एवं 412 आईपीसी से संबंधित दर्ज हुआ था। घटना में शामिल अपराधियों की पकड़ धन के लिए क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बारुन चौकी प्रभारी अमित कुमार एवं आधा दर्जन सिपाहियों की टीम गठित कर दी थी।

पुलिस टीम घटना में शामिल शातिर लुटेरों की तलाश में जुटी थी। घटना में शामिल पांचो लोगो रजनीश पांडे पुत्र प्रेम नारायण पांडे निवासी ग्राम भगवानपुर थाना धनपतगंज जनपद सुल्तानपुर, इंद्र नाथ यादव उर्फ साधु यादव पुत्र गिरधारी लाल यादव निवासी ग्राम लाला का पुरवा बरौली थाना धनपतगंज जनपद सुल्तानपुर, वाटिका यादव पुत्र रामनेवाज ग्राम लाला का पुरवा बरौली, कन्हैया लाल सोनी पुत्र नन्हे लाल सोनी निवासी ग्राम हरौरा बाजार थाना धनपतगंज जनपद सुल्तानपुर एवं देवनाथ यादव पुत्र सोमनाथ यादव निवासी ग्राम जाफर पुर थाना कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या को पुलिस टीम ने चौकी क्षेत्र स्थित ग्राम रसूलपुर के पास स्थित नवनिर्मित पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए उपरोक्त पांचों लुटेरों के कब्जे से आभूषण 12 ग्राम की चेन, 5 ग्राम वजनी अंगूठी एवं 5 ग्राम वजनी बाला तथा 1 जोड़ी 40 ग्राम वजन का पायल और 47 सौ रुपए नकद भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए पांचों शातिर लुटेरों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार के अलावा कोतवाली नगर में तैनात हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सरोज, तथा इनायत नगर थाने के सिपाही विश्व दीपक, साकेत कुमार, अच्युतानंद यादव, अविनाश कुशवाहा एवं हिमांक पांडे शामिल रहे। सीओ मिल्कीपुर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों शातिर अपराधियों का काफी लंबा चौड़ा इतिहास है उनके विरुद्ध सुल्तानपुर एवं अयोध्या जनपदों के कई थानों में लूट एवं डकैती सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए भ्रमणशील रहे डीएम व एसएसपी

बहराइच। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र बहराइचध्श्रावस्ती के द्विवार्षिक निर्वाचन–2022 की मतदान प्रक्रिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी पूर्वान्ह से भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों से मतदान की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। डीएम व एसएसपी ने तहसील कार्यालय भवन बहराइच, क्षेत्र पंचायत भवन रिसिया, बलहा, नवाबगंज, शिवपुर, महसी, मिहींपुरवा सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जनपद बहराइच में क्षेत्र पंचायत भवन मिहींपुरवा, नवाबगंज, रिसिया, शिवपुर, बलहा, महसी, तेजवापुर, फखरपुर, कैसरगंज, जरवल, हुजूरपुर, चित्तौरा, तहसील कार्यालय भवन बहराइच, पयागपुर तथा क्षेत्र पंचायत भवन विशेश्वरगंज तथा जनपद श्रावस्ती में क्षेत्र पंचायत भवन जमुनहा, सिरसिया, गिलौला एवं इकौना तथा तहसील भवन भिनगा में स्थापित मतदेय स्थलों पर मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

# शक्तिमाता भवानी मंदिर श्रद्धालुओं की रही भीड़

करनैलगंज(गोंडा)।(आरएनएस ) नगर के चौक घंटाघर पर स्थित आदि शक्ति माता भवानी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहाँ पर पूरे वर्ष राष्ट्रीय, समाजिक एंव धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहती ही है। नवरात्र के दिनों में विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ भंडारे का आयोजन होता है। प्रतिदिन सुबह–शाम आरती में तमाम भक्त शामिल होते हैं। मंदिर के व्यवस्थापक सरदार जोगिंदर सिंह जानी ने बताया 12 अप्रैल दिन मंगलवार को नवरात्रि के समापन में मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वैसे काफी प्राचीन इतिहास रहा है चौक घंटाघर मंदिर का लेकिन लोगों की माने तो वर्ष 1986 में पं बैजनाथ भट्ट द्वारा मन्दिर को नया स्वरूप दिया गया और माँ की प्रतिमा स्थापित कराई गई। उसके बाद वर्ष 2004 में विधिवत रूप से इस मन्दिर का जीर्णोद्धार तत्कालीन डीएम मधुकर द्विवेदी व नगर परिषद के चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल व जन सहयोग कराया गया।

# भक्तों की झोलिया भरती है गगहा मंदिर की माँ सम्मे

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोरखपुर से तकरीबन 40 किमी दूर दक्षिण में गोरखपुर–वाराणसी राजमार्ग के निकट गगहा–गजपुर संपर्क मार्ग पर चंद्रवंशी क्षत्रियों की आराध्य देवी माँ सम्मे का एक प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर की क्षेत्र में ही नहीं दूर दूर तक मान्यता है।इस गाँव के पत्रकार दीपक सिंह बताते हैं, कि माँ सम्मे उनकी तथा अपने सभी श्रद्धालुओं की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहती हैं। कभी रुद्रपुर रियासत के अंतर्गत रहा यह क्षेत्र घने जंगल से घिरा था, जहां शक्तिशाली थारूओं का कब्जा था। जिन पर माँ सम्मे की कृपा से बाबा शक्ति सिंह ने लम्बी चली लड़ाई में विजय हासिल किया। धीरे–धीरे जंगल कटते गये और थारूओं ने भी हारकर अपना ठिकाना बदल लिया। और बाबा शक्ति सिंह अपनी मुहिम में सफल हो सपरिवार यहीं बस गए। गगहा में निवास करने वाले चंद्रवंशी क्षत्रिय उन्हीं के वंशज हैं।एक किवदंती के अनुसार सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थानीय राजपूत विजयी सिंह के पूर्वज को स्वप्न में माता ने दर्शन देकर भीते की इस जमीन में अपने होने का प्रमाण दिया। अगले ही दिन से उस स्थान की पुष्टि कर सभी ग्रामीणों ने पूजा आराधना शुरू कर दी, जो आज भी अनवरत जारी है। भक्तों की मुराद पूरी करती है मां सम्मेरू भक्त दूर दूर से आकर मां से मन्नतें मांगते हैं, और मन्नत पूरी होने पर भक्तगण मां को चुनरी, नारियल, धूप, अगरबत्ती के साथ हलवा–पूड़ी, धार–कर्पूर, लवंग आदि चढ़ाते हैं। यह मंदिर सभी भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। मंदिर में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य होते हैं।




- चन्द्रवंशी क्षत्रिय आराध्य देवी के रूप में करते हैं पूजा
- स्थानीय चन्द्रवंशी बच्चों का होता है यहाँ मुण्डन

अनेक भोजपुरी फिल्मों के दृश्यों का यहां फिल्मांकन भी किया जा चुका है। मंदिर पर साफ सफाई का कार्य स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है। माता के दर्शनों के लिए सातों दिन भक्तों का आना–जाना लगा रहता है।चौत्र नवरात्र में लगता था मेलारू चौत्र नवरात्र में इस विशाल मंदिर परिसर में सवा महीने का मेला लगता रहा है। सैकड़ो वर्षों से मेले में सर्कस, चिड़ियाघर, मौत का कुआँ, फर्नीचर की दुकानें, मशाले की दुकानें, लोहे के औजारों की दुकानें, कपड़े, खिलौने और तरह–तरह की खाने–पीने की दुकान सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों को लगाने के लिए बड़े पैमानें पर दूर–दूर के दुकानदारों द्वारा यहाँ का मेला सैकड़ों वर्षों तक लगता रहा। जो यहाँ से उठकर तरकुलहा देवी मन्दिर चला जाया करता था। चौत्र की तपती दोपहरी में लगने वाले इस मेले का लुत्फ बच्चे, बूढ़े सभी उठाते थे। इस मेले से आस–पास के ग्रामीण अपने रोजमर्रा के घरेलू उपयोग की वस्तुएं मशाले आदि सस्ते दर पर खघ्रीदकर वर्षभर के लिए रख लिया करते थे।जन सहयोग से मंदिर का हुआ है जीर्णोद्धाररू समय के साथ साथ मंदिर का भक्तों के सहयोग से नवीनीकरण कराया गया है। मंदिर को पूरी तरह पक्का और आकर्षक बनाया गया है।मुण्डन (उपनयन) संस्कार के लिए प्रसिद्ध मन्दिररू गगहा, बेलकुर, बासुडीहा, गंभीरपुर, कोठा, उंचेर, गजपुर, बांसपार, भैसहां आदि गांवों के सभी जाति वर्ग के 1 से 7 वर्ष तक के बालकध्बालिकाओं का मुण्डन (उपनयन) संस्कार यहाँ बड़े धूमध ाम से होता है।

# किसी के भी इलाज में नहीं होगी पैसे की बाधाः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी के जनता दर्शन में पहुंचे 500 से अधिक फरियादी, योगी ने एक–एक की सुनी पीड़ा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पैसे की तंगी की वजह से किसी भी व्यक्ति के इलाज में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए जो भी प्रार्थना पत्र आएं उन पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। सीएम योगी ने यह निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान दिए। जनता दर्शन में कई फरियादी ऐसे पहुंचे थे जिन्हें खुद या परिजन के इलाज के लिए सरकार से आर्थिक सहायता की अपेक्षा थी। हिन्दू सेवाश्रम एवं यात्री निवासी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में 500 से अधिक फरियादी महिला–पुरुष अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक–एक व्यक्ति के पास जाकर सबकी पीड़ा सुनी और उन्हें आश्वास्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कई मामले ऐसे भी आए थे जिसमें पीड़ित बीमार थे और उन्हें आर्थिक सहायता चाहिए थी। सीएम ने अधिकारियों को तत्काल प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। रविवार की सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ मठ से बाहर आए तो गुरु गोरखनाथ का पूजन करने के बाद ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर द्वय महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद गो शाला में गोसेवा की। तकरीबन 7.45 बजे वह हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां 200 से अधि क लोगों से उन्होंने मुलाकात की। उन्हें बताया कि यात्री निवास में भी 300 से अधिक लोग है। इस पर सीएम यात्री निवास भी पहुंचे। कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास जाकर उनकी लिखित शिकायत पर जरूरी कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में राजस्व एवं पुलिस सम्बध ी काफी शिकायतें आई थी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और राजस्व संबंधी मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेज किया जाए। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल भी साथ लिया जाए। उन्होंने थानों में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मातृ शक्ति की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का भाव दैनिक जीवन में उतारें : मुख्यमंत्री

## प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं दीं सीएम योगी ने'

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की परम्परा में मातृ शक्ति का सर्वोच्च स्थान है। इस महत्ता को अंगीकार करते हुए हमें मातृ शक्ति की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का भाव अपने दैनिक जीवन में भी उतारने की आवश्यकता है।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि नवरात्रि की नवमी तिथि पर नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का पूजन संपन्न हुआ है। इसी महत्वपूर्ण तिथि पर समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन ध र्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है अयोध्या धाम में श्रीरामनवमी पर विशेष आयोजन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन का अनुष्ठान नारी शक्ति को सुरक्षित रखने, उन्हें बेहतर माहौल देने, शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने के संकल्प और इसमें योगदान देने का भी स्मरण कराता है। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, कन्या सुमंगला योजना व मिशन शक्ति से जुड़ कर हम सभी इन योजनाओं को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

सबको न्याय व सबको सम्मान देना सरकार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव हमें उनके आदर्शों व मानवीय चरित्र से जुड़ने और बिना भेदभाव मानवीय गरिमा, सुरक्षा व सम्मान के कार्य की प्रेरणा प्रदान करता है। सबको न्याय व सबको सम्मान देना सरकार का लक्ष्य है। रामराज्य की इसी परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने इस परिकल्पना से आम जनमानस के जुड़ने की अपील की।

सोहर गीत के बीच प्रभु श्रीराम के बालरूप को पालने में झुलाया सीएम ने

कन्या पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम के बाल रूप को पालने में झुलाया। गोरखनाथ मंदिर के ओपन एयर थिएटर में प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का समारोह सोहर गीतों के बीचआयोजित किया गया था। यहां पहुंचे सीएम योगी ने झूले पर विराजमान प्रभु के बाल रूप की विधि विधान से पूजा की। श्रद्धा भाव से उन्हें पालने में झुलाया और उनसे लोक कल्याण की मंगलकामना की।

बच्चों को दुलार कर पूछा, किसने सर्वाधिक पूड़ी खाई

प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव समारोह से वापस लौटते वक्त सीएम योगी की नजर मंदिर परिसर में कुछ बच्चों पर पड़ गई।

चिर परिचित बाल प्रेम दिखाते हुए वह उन बच्चों के पास रुक गए। बच्चों से ठिठोली करते हुए उन्होंने पूछा, मंदिर के भोजन प्रसाद में सबसे अधि क पूड़ी किसने खाई। एक एक बच्चे के यह कहते ही कि मैंने सबसे अधिक पूड़ी खाई, मुख्यमंत्री खिलखिला कर हंस पड़े। उन्होंने सभी बच्चों के माथे पर हाथ फेरकर उन्हें दुलारा और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर इन बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था।

# ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र के लिए ड्रोन कैमरे से हुआ सर्वे

दैनिक बुद्ध का संदेश

बड़हलगंज/गोरखपुर। थाना बड़हलगंज स्थित ग्राम रामकोला व जगदीश पुर में ग्रामीणों को सरकार के द्वारा स्वामित्व योजना



के तहत उनके आवास का आज मालिकाना हक प्रदान करने वाला दस्तावेज ( ग्रामीण आवासीय अभिलेखध्घरौनी प्रमाण पत्र) मुहैया कराने का प्रयास चल रहा है उसी क्रम में रामकोला और जगदीशपुर में ड्रोन कैमरे से लेखपाल चंद्र प्रकाश यादव के द्वारा सर्वे कराया गया इसको देख कर ग्रामीणों ने कहा कि इस सर्बे से जहाँ आबादी की भूमि पर उनका हक व हकूक मिलेगा वही आबादी पर घर बनवाने के लिए बैंक से लोन भी मिलेगा जिसको उपस्थित जनता सराहा। इस अवसर पर बैकुंठ नाथ तिवारी उमेश सिंह हरिद्वार तिवारी चन्द्र भूषण तिवारी चन्द्र कांत तिवारी सुरेंद्र तिवारी लोक बहादुर प्रभाकर तिवारी सहित सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रद्घा विश्वास के विना भक्ति अधूरी–आचार्य राधेश्याम

बस्ती। विकास खंड सॉंऊघाट के पैंडा खरहरा के समय माता स्थान पर सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमयी श्रीराम कथा में शुक्रवार की शाम अयोध्या धाम से पधारे राधेश्याम सीताराम ने कहा कि श्रद्धा विश्वास के बिना भक्ति अधूरी होती है। आज के आधुनिक दौर में राम नाम के बिना जीवन अधूरा है। राम नाम लेने से मानव प्रत्येक कष्ट से छुटकारा पा सकता है। मानव को चाहिए कि वह अपनी दिनचर्या के अनुसार प्रभु श्रीराम के नाम का सुमिरन अवश्य करें। कथा व्यास ने कहा कि भगवान थे, भगवान हैं और भगवान रहेंगे। भगवान में दृढ़ विश्वास हो, श्रद्धा हो और यह भावना हो कि भगवान हमारे हैं और मैं भगवान का हूं। हम रामजी के हैं और रामजी हमारे। दुनिया का कितना ही सामर्थ्यवान, बलवान, धनवान व्यक्ति क्यों न हो, वह ज्यों ही कुपंथ पर पग रखता हैं कुत्ते की भांति हो जाता है। जैसे रावण जब सीता का अपहरण किया तब उसकी गति स्वान की हो गई थी। जटायु को उपकार के बदले श्रीराम ने ऐसी गति हरिधाम की दी, जो गति राजा दशरथ को भी प्राप्त नहीं हो सकी थी। शबरी की राम राम रटते उम्र बीत चुकी थी। शबरी ने सच्चे गुरु की बातों पर विश्वास कर दस हजार वर्ष बिताया। उसे भगवान श्रीराम ने नवधा भक्ति दी। उसे भगवद धाम दिया। श्रीराम का चरित्र जीवन पथ के लिए पाथ्य है। श्रीराम ने मनुष्य रूप में संघर्ष करते हुए आतंक का समूल नष्ट कर दिया। ब्राह्मणों ने वेद मंत्र पाठ किया। देवताओं ने ध्वनि के साथ पुष्प वर्ष की। वशिष्ठ ने सर्वप्रथम तिलक किया। श्रीराम अवध के राजा वन राजा राम राम बन गए। तीनों लोक में किसी को किसी प्रकार का शोक नहीं रहा। राम के प्रताप से विषमता समाप्त हो गई। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक गिरिजेश दास महाराज, सुशील उपाध्याय, सरिता उपाध्याय, ग्राम प्रधान सुभाष निरंकारी, बेचन लाल, गोविंद कुमार अर्जुन, राजू शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र,सहित लोग मौजूद रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ बस्ती पर नवरात्रि के समापन पर सामूहिक पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न

बस्ती । गायत्री शक्तिपीठ बस्ती के यज्ञशाला में साधको द्वारा नवरात्रि के सामूहिक गायत्री अनुष्ठान की पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न हुआ द्य बासंती नवरात्रि नए संवत्सर 2 अप्रैल को प्रारंभ हुआ, नित्य सायं मंदिर परिसर में 6रू00 बजे से 8रू00 बजे तक प्रज्ञा पुराण की पावन कथा शक्तिपीठ के पुजारीध परिव्राजक स्वामी दयाल, श्याम पांडे, दिनकर द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम होती रही द्य आज 10 अप्रैल को नवरात्रि के समापन एवं भगवान श्री राम के जन्म दिवसोत्सव के रूप में गायत्री यज्ञ प्रातः 7:00 बजे शक्तिपीठ के संस्थापक ट्रस्टी रामचंद्र शुक्ल द्वारा मुख्य यजमान के रूप में देव पूजन एवं यज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसमे 1 बजे तक हजारों भाइयों बहनों ने पंच कुंडीय यज्ञ संपन्न किया ।

शक्तिपीठ के परिव्राजक कपिल देव, नितेश, हरिशंकर ने यज्ञ संचालन किया परिजन के के पांडे, राजकुमार, पी०एन० दूबे,रेखा चौधरी एवं अन्य भाइयों बहनों ने स्वयं सेवक तथा उपाचार्य की भूमिका में श्रद्धा पूर्वक संपन्न कराया द्य नवरात्रि का पारण 11 अप्रैल को होगा जिसमें सामूहिक सह भोज (भंडारा) प्रातः यज्ञ पूर्णाहुति 10रू00 बजे के बाद प्रारंभ होगा द्य वरिष्ठ परिव्राजकध्ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने सभी लोगो से परिवार तथा हित मित्रो के साथ सामूहिक सह भोज (भंडारा) में आने की अपील भी किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदम्बिका पांडेय,सर्वेश श्रीवास्तव,विशाल,राजकुमार,महेश्वरानंद,शिवम,विवेकानंद,अमन,मोनू,श्रवण कुमार,दीपक, संतोष, त्रिलोकी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर विधान सभा क्षेत्र में बनाएंगे सौ बेड के उच्चीकृत अस्पताल रू सीएम योगी

## कोरोना की तीसरी लहर पर सफलतापूर्वक काबू काबू पाने के बाद योगी सरकार ने फिर शुरू किया आयोजन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी की पावन तिथि पर प्रदेश को स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपम सौगात देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 403 विध ानसभा क्षेत्रों में 100 बेड के सभी संसाधनों से युक्त उच्चीकृत अस्पताल बनाए जाएंगे। इसके साथ ही राज्य के प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र में 25 से 30 बेड के बेहतरीन सीएससी–पीएससी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया पीएचसी से पूरे प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य देना सरकार का कर्तव्य और हम इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उत्तम आरोग्यता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा और स्वस्थ समाज के होने पर ही हम सशक्त उत्तर प्रदेश और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ी है।कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश में इलाज का एकमात्र केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। वह भी कब बंद हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता था। वहां न डॉक्टर पर्याप्त थे और न ही दवाएं। आज बीआरडी मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छे ढंग से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की चिकित्सा की सुविधा के लिए गोरखपुर में एम्स भी खुल गया है। साथ ही साथ देवरिया, सिद्धार्थनगर व बस्ती में नए मेडिकल कॉलेज सेवाएं दे रहे हैं। कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण चल रहा है और महाराजगंज में मेडिकल कॉलेज बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है।

एक–दो साल में सदा के लिए समाप्त हो जाएगा इंसेफलाइटिस

सीएम योगी ने इस अवसर पर संचारी रोगों की रोकथाम पर अंतर्विभागीय समन्वय व सामूहिकता की ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी ताकत के दम पर उत्तर प्रदेश पीएम मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना नियंत्रण का बेहतरीन मॉडल देने में सफल रहा है। यही नहीं, अंतर्विभागीय समन्वय व टीम वर्क के बल पर 1977 से लेकर 2017 तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में पचास हजार मासूमों को असमय काल कवलित करने वाली इंसेफेलाइटिस पर नकेल कस दिया है। उन्होंने कहा कि 40 वर्ष ने इंसेफलाइटिस को समाप्त नहीं किया जा सका था, इसके इलाज के लिए संसाधन तक नहीं थे। पर, केंद्र व प्रदेश सरकार ने मिलकर सिर्फ चार साल में इंसेफलाइटिस को समूल उखाड़ने में सफलता हासिल की है। मस्तिष्क ज्वर अब नाममात्र का है। थोड़ी सी सतर्कता और सामूहिक प्रयास से अगले एक–दो साल में इंसेफेलाइटिस सदा के लिए समाप्त हो जाएगा।

कोरोना काल में सबने देखे संवेदनशील सरकार के कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक संवेदनशील सरकार कैसे कार्य करती है, कोरोना काल में उत्तर प्रदेश में सभी लोगों ने देखा है। महामारी के दौरान कोरोना वारियर्स के सेवा भाव व टीम वर्क की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक वैक्सीन की 30 करोड़ डोज उपलब्ध कराई जा चुकी है। फ्री जांच, इलाज व वैक्सीन के साथ डबल इंजन की सरकार ने हर जरूरतमंद को हर माह राशन का डबल डोज भी दिया। ये सभी कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

बचाव ही बीमारियों से दूरी का सर्वोत्तम उपाय

मुख्यमंत्री ने लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान, टीबी व फाइलेरिया मुक्ति अभियान से भी जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कहते हैं कि बचाव ही बीमारियों से दूर रहने का सर्वोत्तम उपाय है। यदि बीमारी हो भी गई तो उसे छुपाने की बजाय समय पर इलाज कराने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि 2030 तक दुनिया को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है जबकि पीएम मोदी ने इसके लिए 2025 का ही लक्ष्य निर्धारित किया है। जनसामान्य टीबी मरीजों की पहचान और उनके इलाज में अपना योगदान दे। टीबी मरीजों को सरकार की तरफ से प्रति माह 500 रुपया पोषण भत्ता भी दिया जाता है।

हर रविवार को आरोग्यता की सौगात, परामर्श, जांच, दवा सब मुफ्त

सीएम योगी ने कहा कि आज से प्रारंभ हो रहा जन आरोग्य मेला हर रविवार को प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा। मेला में लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, निशुल्क जांच व मुफ्त दवाओं के माध्यम से आरोग्यता का उपहार मिलेगा। आरोग्य मेला 2020 में ही शुरू किया गया था लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। एक बार फिर इसका शुभारंभ हो रहा है। इसका उद्देश्य सभी लोगों को बिना भेदभाव चिकित्सा सेवा का लाभ पहुंचाना है। मेले में सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनने से रह गए हैं, वे बनवाकर इसका लाभ उठाएं।

स्टालों का अवलोकन कर बच्चों को कराया अन्नप्राशन

आरोग्य मेला के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही फाइलेरिया के रोगियों को किट भी प्रदान किया। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का अवलोकन किया एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर बच्चो का अनप्राशन भी कराया।

इस अवसर पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ला, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ब्लाक प्रमुख जंगल कौडिया, विजय शंकर यादव, रमाकांत निषाद, गोरख सिंह, जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द सहित प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के कई अधि कारी भी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**मांस–भक्षण न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और न ही नैतिक □ष्टि से उचित है। उसे कानून से नहीं, समझाइश से रोका जाना चाहिए। मेरे हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख और यहूदी मित्रों से मैं हमेशा पूछता हूं कि बताइए आपके धर्मग्रंथ में कहां लिखा है कि आप यदि मांस नहीं खाएंगे तो आप घटिया धर्मप्रेमी कहलाएंगे? कई मुस्लिम देशों के और ...**

## मांस की बिक्री पर विवाद

दिल्ली की दो नगर निगमों ने अभी एक ऐसी घोषणा की है, जो एकदम नई जरुर है लेकिन तर्कसम्मत बिल्कुल नहीं लगती। उन्होंने आदेश जारी किया है कि नवरात्रि के दिनों में मांस बेचना मना होगा। मांस की बिक्री पर प्रतिबंध इसलिए लगाया जा रहा है कि नवरात्रि के उपवास के दिनों में यह भक्तों के लिए कष्टदायक होता है। मोहल्लों में बनी मांस की दुकानों पर लटके हुए पशुओं के लोथड़ों को देखकर भक्तों के मन में जुगुप्सा पैदा होती है। इसी तरह की मांग मध्यप्रदेश, कर्नाटक और उत्तरप्रदेश की सरकारों से भी की जा रही है।

मांस की दुकानें भारत में हो ही नहीं और कोई भी भारतीय मांस न खाए, यह तो मैं तहे–दिल से चाहता हूं लेकिन नवरात्रि के बहाने मांस की दुकानें बंद करवाने की बात बिल्कुल भी गले नहीं उतरती है। किसी हिंदू त्यौहार पर मांस की दुकानें बंद करवाने में सांप्रदायिक संकीर्णता की बदबू आती है। क्या मुसलमानों की यह मांग घोर सांप्रदायिक नहीं मानी जाएगी कि रमजान के महिने में सारे भारत के भोजनालय दिन के समय बंद रखे जाएं?

भारत के जितने मुसलमान मांसाहारी हैं, उनमें दुगुनी–तिगुनी संख्या के हिंदू लोग मांसाहारी हैं। जिन हिंदू और मुसलमानों की मांस की दुकानें हैं, यदि उनका काम–धंधा 8–10 दिन बंद रहेगा तो क्या नगर निगम या सरकारें उसका मुआवजा उन्हें देगी? यदि नहीं तो किसी नागरिक का रोजगार छीनने का हक सरकार को कैसे दिया जा सकता है? यह तो संविधान में प्रदत्त मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन है। यदि इस तरह के मनमाने आदेश का उल्लंघन करनेवालों को शासन दंडित करेगा तो वे अदालत के दरवाजे खटखटाएंगे और अदालतें ऐसे आदेशों को रद्द कर देंगी लेकिन इस तरह के आदेश जारी होने पर दो तरह की प्रतिक्रियाएं होती हैं।

एक तो यह कि डर के मारे मांस–विक्रेता अपनी दुकानें अपने आप बंद कर देते हैं और यदि वे बंद न करें तो अपने आप को हिंदूवादी कहनेवाले स्वयंसेवक उन दुकानदारों पर टूट पड़ते हैं। याने सारे मामले का सांप्रदायीकरण हो जाता है। यह बात छोटी–सी है लेकिन यह दूर तलक जा सकती है। यह सांप्रदायिक दंगों का रूप धारण कर सकती है। कोई नागरिक क्या खाता है, क्या पहनता है, क्या सोचता है, क्या यह भी सरकार तय करेगी?

इन कामों में किसी भी सरकार को अपनी टांग नहीं अड़ानी चाहिए। मांस की खुले–आम बिक्री के दृश्य कितने भयानक और वीभत्स होते हैं, आपको यह देखना हो तो ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे देशों में जाकर देखिए। वहां घोड़ों, ऊंटों और गायों की चमड़ी उतारकर पूरा का पूरा लटका दिया जाता है। मांस के बाजारों में इतनी बदबू होती है कि उनसे गुजरने में भी तकलीफ होती है।

मांस–भक्षण न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और न ही नैतिक दृष्टि से उचित है। उसे कानून से नहीं, समझाइश से रोका जाना चाहिए। मेरे हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख और यहूदी मित्रों से मैं हमेशा पूछता हूं कि बताइए आपके धर्मग्रंथ में कहां लिखा है कि आप यदि मांस नहीं खाएंगे तो आप घटिया धर्मप्रेमी कहलाएंगे? कई मुस्लिम देशों के और भारत के मेरे लाखों परिचितों में से किसी एक ने भी आज तक कानून के डर से मांस खाना नहीं छोड़ा है लेकिन ऐसे सभी धर्मों के हजारों लोगों को मैं जानता हूं, जिन्होंने प्रेमपूर्ण समझाइश के कारण मांसाहार से मुक्ति पा ली है।

## चिंताजनक है ये खबर

भारत में भी टाइप–2 डायबिटीज के मरीजों में गंभीर इंफेक्शन का मामला देखा गया है। यह इंफेक्शन जननांग और उसके आसपास के हिस्से में हो रहा है। इस इंफेक्शन को मेडिकल भाषा में श्नैक्रोटाइजिंग फैसियाइटिस ऑफ द पेरिनियम्च या श्फोरनियर्स गैंगरीन्च कहा जाता है। डायबिटीज की एक दवा के गंभीर दुष्परिणाम की खबर चिंताजनक है। गौरतलब है कि इस दवा के इस्तेमाल से जननांगों में इंफेक्शन का मामला पहले अमेरिका और कनाडा में सामने आया था। अब ऐसा भारत में भी हुआ है। भारत में भी टाइप–2 डायबिटीज के मरीजों में गंभीर इंफेक्शन का मामला देखा गया है। यह इंफेक्शन जननांग और उसके आसपास के हिस्से में हो रहा है। इस इंफेक्शन को मेडिकल भाषा में श्नैक्रोटाइजिंग फैसियाइटिस ऑफ द पेरिनियम्च या श्फोरनियर्स गैंगरीन्च कहा जाता है। सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने राज्यों के सभी ड्रग कंट्रोलर्स को इंफेक्शन के लिए जिम्मेदार मानी जा रही दवा को लेकर आगाह किया है। उसने आदेश दिया है कि सोडियम ग्लूकोज कोट्रांसपोर्टर–2 दवा के पैकेज पर संबंधित चेतावनी लिखी जाए। अमेरिकी ड्रग एजेंसी एफडीए ने 2013 में इस दवा के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। फिलहाल इसे मेटफॉर्मीन के बाद डायबिटीज की दूसरी दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बताया गया है कि ये दवा सोडियम–ग्लूकोज कोट्रांसपोर्ट प्रोटीन का स्तर उठा देती है, जिससे किडनी में ब्लड फिल्ट्रेशन के दौरान ज्यादा से ज्यादा ग्लूकोज मूत्र के जरिए शरीर से बाहर निकल जाता है। इससे डायबिटीज पीडिघ्तों के शरीर में ग्लूकोज का स्तर कम हो जाता है। लेकिन इस दवा के कुछ दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं। इससे मूत्रनलिका का इंफेक्शन हो रहा है। बताया गया है कि हड्डियों के कमजोर होने का खतरा भी हो सकता है।

डायबिटीज एक गंभीर रोग है, जो खून में ग्लूकोज की मात्रा बढने से संबंधित है। यह दिल, नसों, आंखों और किडनी को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें टाइप–2 डायबिटीज सबसे आम है, जो खासकर वयस्कों में होता है। यह तब होता है जब खून में इंसुलिन नहीं घुल रहा होता या फिर शरीर में पर्याप्त इंसुलिन का निर्माण नहीं होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक पिछले तीन दशकों में कम कमाई वाले देशों में टाइप–2 डायबिटीज के मामलों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने संसद में कहा था कि भारत में डायबिटीज से पीडिघ्त मरीजों की निश्चित संख्या का पता नहीं है, लेकिन इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के डायबिटीज एटलस–2021 के मुताबिक भारत में 20 से 79 साल के डायबिटीज मरीजों की संख्या करीब 7.5 करोड़ है। साल 2045 तक इसके बढ़ कर 12.5 करोड़ हो जाने की आशंका है। इसीलिए ताजा खबर चिंता बढ़ाने वाली है।

## जुबान इंद्रा नूई की विचार गांधी के

**इस लेख का तात्पर्य यही है कि भगवान श्रीराम का जीवन हमारे सामाजिक जीवन के उत्थान के लिये अत्यंत ही प्रासंगिक इसलिए भी है क्योंकि वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ स्वार्थी राजनीतिक तत्व अपना हित साधने के लिये समाज में फूट पैदा करने का प्रयास करते हैं। समाज की फूट का दुष्परिणाम हमारे देश ने भोगा है। भारत इसी फूट के कारण ही वर्षों तक गुलाम बना। आज भी देश में लगभग ...**

इंद्रा नूई जिसे पूंजीवाद का नया चेहरा कहती हैं, लेकिन जिसकी कोई तस्वीर उनके पास नहीं है, गांधी उसे ग्रामस्वराज्य कहते हैं और उसका पूरा व पक्का खाका भी देते हैं। वे बार–बार समझाते हैं कि पूंजी पर पूर्ण नियंत्रण रखने वाला समाज नहीं बनेगा तो मानव–जाति का कल्याण संभव नहीं होगा। तकनीक को विज्ञान समझने की भूल हम लोगों ने की, जबकि गांधी दोनों का स्पष्ट फर्क समझते व समझाते रहे। विज्ञान मानव कल्याण की दिशा बतलाता है। ऍंएएशिया और अफ्रीका में जनसंख्या की जैसी वृद्धि अभी हो रही है, उसका परिणाम यह होगा कि इस दुनिया में प्रोटीन की मांग बेहद बढ़ेगी और उसका परिणाम यह होगा कि हमें ज्यादा–से–ज्यादा जानवरों को पालना होगाय और उसका परिणाम अधिकाधिक वायरसों और महामारियों के रूप में सामने आएगा, क्योंकि वायरसों के लिए जानवरों से मनुष्यों तक पहुंचना आसान होता जाएगाय इन सबके परिणामस्वरूप मौसम में अनेक अनजाने परिवर्तन होंगेय दुनिया में वृद्धों की संख्या बढ़ती जाएगी और इन सबसे पार पाने का रास्ता खोजने में हमारी तकनीकी दुनिया इस रफ्तार से भागेगी कि मनुष्य का दिमाग घूम जाएगा।श श्मानव–जाति के समक्ष ये खतरे मुंह बाए खड़े हैंश 2030–35 के काल में यदि दुनिया की आबादी 9 खरब होगी तो उसमें से 7 खरब लोग एशिया व अफ्रीका के होंगे और जब आप एशिया–अफ्रीका के श्सकल घरेलू उत्पादश (जीडीपी) से इनकी जनसंख्या का आंकलन करेंगे तो आपको वहां भारी असंतुलन मिलेगा तो खतरा केवल जनसंख्या बढ़ने का नहीं है, बल्कि चुनौती यह भी है कि हमारी दुनिया के इन हिस्सों की आय कैसे बढ़े, अन्यथा अपार वैश्विक असमानता का खतरा पैदा होगा। आज महिलाएं तेजी से कामकाज में जुटने को तैयार हैं, लेकिन हम उन्हें पीछे कर रहे हैं क्योंकि समस्या यह है कि सारी दुनिया में वृद्धों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि महिलाओं को कामकाज से हम जोड़ेंगे नहीं तो इस वृद्ध आबादी की आर्थिक देख–रेख असंभव हो जाएगी। इस स्थिति की भयावहता सोचकर मैं परेशान होती हूं। दो ही रास्ते दिखाई देते हैं रू भौगोलिक–राजनीतिक आवाजाही को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जाए और अकल्पनीय स्तर पर मानवीय कौशल्य को बढ़ाया जाए। ऐसे में तीन तस्वीरें बनती दिखाई देती हैं रू अंधाधुंध तकनीकी विस्तार पर रोकथाम की कोई प्रभावी व्यवस्थाय पूंजीवाद का चाहा–अनचाहा एकदम नया चेहरा और मनुष्य को मनुष्यता की तरफ लौटाने की चुनौती ! यह कैसे होगा, मैं नहीं जानती, लेकिन मैंने आशा खोई नहीं है। जीवन में मेरा जितने लोगों से पाला पड़ा है, उनमें से 85 प्रतिशत लोगों ने हर तरह से मेरी मदद की है। 15 प्रतिशत थे, जो समस्याएं खड़ी करते रहे। अब मैं उन 15 प्रतिशत के चश्मे से दुनिया को क्यों देखूं! इसलिए नेतृत्व की कसौटी यह है कि वह हमेशा खतरों का सामना करने में आगे रहे और जो कर सकना संभव है, वह सब करें! अब आप यह मत खोजने लगिए कि महात्मा गांधी ने ऐसा कब और कहां कहा था, क्योंकि महात्मा गांधी ने ऐसा कभी कहा ही नहीं था। फिर भी आप खोजना चाहें तो एक नहीं, अनेक जगहों पर आपको महात्मा गांधी ऐसा ही कुछ बार–बार कहते मिलेंगे। यदि आप शहिंद–स्वराज्यश देखेंगे तो उस पूरे आख्यान में महात्मा गांधी इन्हीं सारी बातों को अपनी तरह से कहते मिलेंगे, लेकिन आपने ऊपर जो पढ़ा वह महात्मा गांधी का कहा या लिखा नहीं है। ये बातें कही हैं, अभी–अभी एक समाचार–पत्र के साथ बातचीत में इंद्रा नूई ने! कभी दुनिया की सबसे प्रभावी, शक्तिशाली महिला कही जाने वाली श्पेप्सी कंपनीश की सीईओ इंद्रा नूई! ये बातें बिल्कुल ताजी हैं और आधुनिक दुनिया की सिरमौर महिला ने कही हैं, तो वह बात दकियानूसी तो हो नहीं सकती है! क्या इंद्रा नूई को यह अंदाजा है कि उनकी और महात्मा गांधी की बात एक जैसी है और वे जिन बातों से चिंतित हैं, महात्मा गांधी भी उनसे ही, उसी तरह चिंतित थे और दुनिया को बताना चाह रहे थे कि आप जिस रास्ते पर चल रहे हो वह चाहे जितना चमकीला दीखता हो, ले जाएगा उस अंधेरे की तरफ जहां हाथ को हाथ नहीं थाम सकेगा, दिल दिल की बात नहीं सुन सकेगा। महात्मा गांधी भी अनियंत्रित जनसंख्या के खतरों से सावधान हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए वे आत्मसंयम का रास्ता सुझाते हैं। वे तब देख सके थे कि जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर कंपनियां ऐसा वृहद उद्योग खड़ा करेंगी जो व्यक्ति की पूंजी तो लूटेगा ही, मानव समाज को आत्मसम्मानहीन भीड़ में बदल देगा। समाज के लिए भोजन जुटाना ही चुनौती नहीं है, उसे एक नैतिक, विवेकशील इकाई में बदलना भी बहुत बड़ी चुनौती है। सत्तावालों को समाज वोट की शक्ल में दिखाई देता है, तानाशाहों को भीड़ की शक्ल में और पूंजीवाद को मजदूर की शक्ल में। इन तीनों के लिए नैतिकता व विवेकशीलता कभी कसौटी होती ही नहीं है। विवेक व नैतिक अधिष्ठान के बिना समाज नहीं बनता, भीड़ बनती है जिसके सर तो अनेक होते हैं, लेकिन आंतरिक रेगिस्तान बहुत बड़ा व भयावह होता है। हम ऐसे ही वक्त के सामने खड़े हैं। इंद्रा नूई को अपने वक्त में जो 85 प्रतिशत समाज मददगार मिला, वह आज तेजी से सिकुड़ता जा रहा है। अगर वह 15 प्रतिशत से भी कम बचा तो इंद्रा नूई जैसों के लिए खड़े रहने की जगह नहीं बचेगी। इसलिए गांधी ऐसी जीवन–शैली की बात करते हैं जो कम–से–कम संसाधनों का उपभोग कर चलती हो और जितना उपभोग करती हो, उसका उत्पादन भी करती हो।

## निजता के अधिकार पर नया खतरा

**दूसरे, अमेरिका में डाटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था है। भारत में डाटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था है? कितनी बार इस लचर व्यवस्था की पोल खुल चुकी है। आधार का डाटा बाजार में बिकने की कितनी बार खबरें आई हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए आरोपी या जेल में बंद लाखों–करोड़ों विचाराधीन कैदियों के ...**

अजीत द्विवेदी

क्रिमिनल प्रोसिजर (आईडेंटिफिकेशन) बिल, 2022 संसद के दोनों सदनों से पास हो गया है और इसका कानून बन कर लागू होना महज वक्त की बात है। यह नया कानून 102 साल पुराने आइडेंटिफिकेशन ऑफ प्रिजनर एक्ट 1920 की जगह लेगा। नया कानून पुलिस के हाथ में असीमित अधिकार देता है और निजता के अधिकार पर नए खतरे पैदा करता है। कायदे से जो कानून 102 साल पुराने कानून को बदलने के लिए लाया जा रहा था उस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए थी और सहमति बनानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह सरकार किसी भी कानून के ऊपर संसद में सहमति बनाने को अपना अपमान मानती है। अन्यथा ऐसी क्या जल्दी थी, जो सरकार ने आनन–फानन में बिल पेश करके उसे पास कराया? बिल को संसदीय समिति में भेजने की मांग मान ली जाती तो उससे क्या बिगड़ रहा था? जो कानून 102 साल से चल रहा था वह तीन–चार महीने और चल सकता था। उसे 10 दिन में नहीं बदला जाता तो कोई आफत नहीं आ रही थी। लेकिन अपनी धमक और विपक्ष को उसकी हैसियत दिखाने के लिए बिल 10 दिन में पास कराया गया।

यह कानून संविधान की मूल भावना के विरूद्ध है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करता है और न्याय के बुनियादी सिद्धातों के खिलाफ है। न्याय का बुनियादी सिद्धांत यह है कि जब तक कोई दोषी साबित नहीं होता तब तक उसे बेकसूर माना जाता है। फिर किसी बेकसूर आदमी की उसकी मर्जी के बगैर बायोमेट्रिक पहचान हासिल करने का अधिकार पुलिस को कैसे दिया जा सकता है? कोई भी सरकार संदिग्ध या आरोपी और दोषी का फर्क कैसे खत्म कर सकती है? पुलिस अगर संदेह के आधार पर किसी को हिरासत में लेती है तो उसकी बायोमेट्रिक पहचान लेने की इजाजत पुलिस को नहीं दी जा सकती।

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आए दिन धरना–प्रदर्शन करते हैं और धारा 144 का उल्लंघन करते हैं, जिसके आरोप में पुलिस उनको हिरासत में लेती है। क्या पुलिस हिरासत में लिए गए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की उंगलियों और पैरों के निशान लेगी, उनकी लंबाई मापेगी और वजन करेगी, उनका ब्लड ग्रुप दर्ज करेगी, उनकी आंखों की पुतलियों को स्कैन करेगी और उनके डीएनए का सैंपल लेगी, उनका पोलिग्राफ टेस्ट करेगी और ब्रेन मैपिंग करेगी? नया कानून लागू होने के बाद पुलिस सिर्फ जेल में बंद विचाराधीन कैदियों या अपराधियों का नहीं, बल्कि संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति का ऐसा डाटा हासिल कर सकेगी। हैरानी की बात है कि किसी भी व्यक्ति की सहमति के बगैर इस तरह का डाटा हासिल करने को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ठहराया हुआ है। सेल्वी बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इस मसले पर बहुत विस्तार से फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में नार्को एनालिसिस, पोलिग्राफ टेस्ट और ब्रेन मैपिंग को लेकर कहा था कि किसी भी व्यक्ति की बिना सहमति के इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल उसकी निजता का उल्लंघन है। अदालत ने यह भी कहा है कि चाहे आपराधिक मामले की जांच हो या कोई और मामला हो, इन तकनीकों का इस्तेमाल किसी भी व्यक्ति पर नहीं किया जा सकता है। बहस के लिए कहा जा सकता है कि नए कानूनों में इन तकनीकों के इस्तेमाल की बात नहीं कही गई है, लेकिन यह भी सही है कि इन तकनीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, यह भी नहीं कहा गया है। इस कानून की धारा दो (1) (बी) में साफ कहा गया है कि पुलिस और जेल अधिकारी माप और जैविक सैंपल आदि ले सकेंगे। इसका मतलब है कि सब कुछ पुलिस की मर्जी पर छोड़ा गया है कि वह जो भी बायोमेट्रिक डाटा हासिल करना चाहे वह हासिल कर सकती है।

सरकार कह रही है कि उसका इरादा कानून का दुरुपयोग करने का नहीं है। सोचें, कौन सी सरकार किस कानून के बारे में कहती है कि दुरुपयोग करने के लिए कानून बनाया जा रहा है? सारे कानून जनता की भलाई के लिए ही बनाए जाते हैं। लेकिन सवाल है कि ऐसा कानून क्यों बनाना, जिसके अंदर उसके दुरुपयोग की पूरी संभावना मौजूद हो? सरकार और ससंद दोनों की जिम्मेदारी होती है कि कानून के हर पहलू पर गंभीरता से विचार हो और उसके दुरुपयोग की संभावना को यथासंभव खत्म किया जाए। लेकिन इस कानून के मामले में यह भी नहीं किया गया।

सरकार ने 28 मार्च को बिल पेश किया, जिसे चार अप्रैल को लोकसभा में और छह अप्रैल को राज्यसभा से पास करा लिया गया। विपक्ष इसे संसदीय समिति में भेजने की मांग करता रहा लेकिन सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया। सरकार की ओर से कहा गया कि कानून सौ साल पुराना हो गया है और अपराध रोकने के लिए कानून के अंदर नई तकनीक का प्रावधान किया जाना जरूरी है। इससे किसी को आपत्ति नहीं हो सकती है कि पुराने कानूनों में सुधार हो और जहां अपराध रोकने में तकनीक कारगर हो वहां उनका इस्तेमाल भी हो। लेकिन किसी सरकारी एजेंसी को नागरिकों के खिलाफ तकनीक के मनमाने इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जा सकती।

एक अजीब सा तर्क आजकल भारत में दिया जाने लगा है, जो इस कानून के मामले में भी दिया गया कि इस तरह की व्यवस्था अमेरिका और ब्रिटेन में भी है। सोचें, क्या ऐसे तर्क से इस कानून को न्यायसंगत ठहराया जा सकता है? अमेरिका में नागरिकों की सुरक्षा, उनकी निजता की रक्षा और मानवाधिकारों को लेकर बहुत सख्त कानून हैं। कोई भी एजेंसी उसमें दखलंदाजी नहीं कर सकती है। दूसरे, अमेरिका में डाटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था है।



हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
महराजगंज–गोरखपुर–कुशीनगर–देवरिया–मिर्जापुर–वाराणसी–इलाहाबाद
सोमवार, 11 अप्रैल 2022
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com


## तरकुलवा व बघौचघाट उपकेंद्र की ठप रही बिजली आपूर्ति

देवरिया। कुशीनगर के कसया में देवरिया आने वाली वाली मुख्य लाइन के केबल के ब्लास्ट होने से तरकुलवा व बघौचघाट उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा रहा। मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण बंद रहे। कसया से मुख्य लाइन तरकुलवा व बघौचघाट उपकेंद्र को आती है। सुबह कसया में ही मुख्य लाइन का केबिल ब्लास्ट कर गया। जिसके बाद बघौचघाट व तरकुलवा उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद तरकुलवा व बघौचघाट के कर्मचारी खराबी को दूर करने के लिए कसया पहुंचे, हालांकि देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली आपूर्ति ठप होने से गर्मी के इस मौसम में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि टीमें लगी है। खराबी को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा और आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नोडल नामित

देवरिया। शहर के विभिन्न मोहल्लों में रात को कटिया फंसाकर बिजली का चोरी से प्रयोग करने की शिकायत मिलने के बाद भोर में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान छह लोगों को पकड़ लिया गया। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग रात को कटिया फंसा कर बिजली का प्रयोग कर रहे हैं और भोर में ही कटिया उतार ले रहे हैं। इसको देखते हुए अधिशासी अभियंता रामसेवक, एसडीओ नवदीप कुमार सिंह, प्रभारी प्रवर्तन दल अभय नारायण सिंह, अमित प्रताप सिंह, जेई रोशन कुमार, संदीप कुमार ने विभिन्न मोहल्लों में भोर में चेकिग की। इस दौरान गरुलपार में डा. विश्वनाथ विश्वकर्मा, अमजद खान, नदीम खान, चकियवा में भृगुनाथ प्रसाद, राम गुलाम टोला में दिलीप गुप्ता व जितेंद्र वर्मा को कटिया फंसाकर बिजली का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया। एसडीओ सिंह ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## अभियान चलाकर 150 उपभोक्ताओं का काटा गया बिजली कनेक्शन

देवरिया। बिजली विभाग ने इन दिनों बिजली बिल बकाया को लेकर अभियान चला दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी अभियान चलाया गया। इस दौरान 150 लोगों के बकाये में कनेक्शन काट दिए गए। आठ लाख रुपये बिजली बिल का वसूल किया गया। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। बकायेदार अपने बिजली बिल को जमा कर दें। 14 ऐसे लोग पकड़े गए हैं, जो बाइपास कर बिजली का प्रयोग कर रहे थे। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

लेहड़ा। धानी विकास खंड के बरडाड में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में निकाली गई रैली विद्यालय परिसर से निकल कर झिगुरीजोत, मग्घूजोत, भेडियापार सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर अभिभावकों को जागरूक किया। सहायक अध्यापक नरेंद्र पाल, शिक्षामित्र रामगणेश यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम त्रिपाठी, निर्मला यादव, शम्भू सहानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीजी कालेज के छात्र–छात्राओं को दी गई विदाई

महराजगंज। जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज के हिन्दी विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं को विदाई दी गई। पूर्व प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डा. महेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का मुख्य साधन अनुशासन है, इसलिए सभी छात्र–छात्राओं को अनुशासित रहना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डा.दिग्विजय नाथ पांडेय ने छात्र–छात्राओं को कठिन परिश्रम करने की सीख दी। संचालन स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र सूरज वर्मा ने किया। समारोह में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा.उमेश प्रसाद यादव, मुख्य नियंता राहुल कुमार सिंह, समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा.धर्मेन्द्र कुमार सोनकर, संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डा.अशोक कुमार वर्मा व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## फाइलों में दब गई जेल में गोशाला की योजना

महराजगंज। जिला कारागार में गोशाला खोलने की योजना फाइलों में दब गई। योगी आदित्यनाथ के प्रथम बार 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल इस योजना के लिए जेल मुख्यालय की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हो सकी। इस कारण महराजगंज जेल में गोशाला खोलने की योजना पर ग्रहण लग गया, हालांकि उस समय डेयरी खोलने के लिए जेल में भूमि भी चिह्नित कर ली गई थी। पांच वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सड़कों पर घूमती गायों को आशियाना देने के लिए यूपी की जेलों में गोशाला खोलने की पहल की गई थी। सरकार का मकसद साफ था कि गायों को सहारा मिल जाएगा और बंदियों को रोजगार। इसके अलावा गायों के गोबर से जेल में की जाने वाली खेती में लगने वाले खाद की आवश्यकता भी पूरी हो जाती। बाजार में बिकने वाले दूध का सीधा पैसा गायों की सेवा करने वाले बंदियों के खाते में भेजे जाने की योजना थी। इसके लिए जेल प्रशासन की ओर से 20 गायों को रखने के लिए भूमि भी चिह्नित कर ली गई थी। बिजली व पानी की व्यवस्था भी गोशाला वाली जमीन के पास कर दी गई थी। जेल प्रशासन जिला कारागार में गोशाला खोलने का प्रस्ताव शासन में भेज दिया, लेकिन वह ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जेल में गोशाला की पहल की गई थी। कुल 20 गायों को रखने का प्रस्ताव शासन में भेजा गया। कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अनुमति नहीं मिली। शासन की ओर से फिर से पहल की जाती है तो निर्देश का पालन किया जाएगा।

# लार में सीवेज प्रबंधन का किया जाए तत्काल उपायः एनजीटी

देवरिया । एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) ने जिले की लार नगर पंचायत में घरों से निकलने वाले गंदे पानी को उपचारित करने व उसके उचित उपयोग की व्यवस्था करने को कहा है। एनजीटी ने अपर मुख्य सचिव (शहरी विकास) को तत्काल प्रभावी उपाय कराने का निर्देश दिया है। एनजीटी अध्यक्ष ने कहा कि इसके लिए शासन की ओर से एक करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जा सकती है, लेकिन यह धनराशि अलग खाते में रखी जाएगी। उपचारित पानी का उपयोग कृषि, मछली पालन आदि में करने को कहा है। एनजीटी ने यह निर्देश लार नगर के चौक वार्ड निवासी नुरुल सेहर लारी की उस याचिका का संज्ञान लेते हुए जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि निजी कब्रिस्तान व उनके बाग में नगर पंचायत लार का गंदा पानी बहाया जा रहा है।

इससे 35 पेड़ सूख गए। संक्रमण का हमेशा खतरा बना रहता है। यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से भूमिगत जल भी प्रदूषित हो रहा है। उनकी शिकायत पर जल निकासी के लिए नगर पंचायत की तरफ से वर्ष 2002–03 में शुरू की गई परियोजना पूरी नहीं हो सकी। ऐसे में जल निकासी का उचित प्रबंध न किए जाने पर उन्होंने एनजीटी की शरण ली। एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल ने सीवेज प्रबंधन का कार्य नगरीय विकास एवं ग्रामीण विभाग की एजेंसी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने अनुपालन रिपोर्ट 15 सितंबर तक उपलब्ध कराने को कहा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान नगर पंचायत की तरफ से बताया गया था कि गंदे पानी के बायोरेमेडिएशन (जैवोपचारण) की व्यवस्था की गई है, लेकिन एनजीटी के निर्देश पर गठित पैनल द्वारा की गई जांच में जैवोपचारण के बाद भी पानी की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं मिली। लार में अनुमानित सीवेज जल लगभग 3.6 एमएलडी है।

# राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में हुई विवादित भूमि की पैमाइश

ठूठीबारी। कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव में नाली विवाद समाप्त हो गया। कोतवाली के लमुहा पुलिस चौकी की फोर्स व राजस्व कर्मियों मौजूदगी में विवादित नाली की भूमि की पैमाइश कर मामले को निपटा दिया गया। साथ ही लेखपाल द्वारा पैमाइश की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। हल्का लेखपाल अनिल कुशवाहा ने बताया कि मुन्ना गुप्ता द्वारा चकनाली की भूमि पर कोई कब्जा नहीं किया गया है, शिकायतकर्ता स्वयं चकनाली की भूमि को खेत में शामिल कर जोताई कर रहा है। रिपोर्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। अतिक्रमण से सकरा हुआ मुख्य मार्गः निचलौल। निचलौल नगर पंचायत का सबसे व्यस्त क्षेत्र मुख्य बाजार टिकुलहिया मार्ग अतिक्रमण का शिकार हो चुका है। जिसके कारण मुख्य सड़क गली का रूप ले चुका है। जिससे बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्युत विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशानः नौतनवा। भारत–नेपाल सीमा से सटे गांवों में विद्युत विभाग की कर्मचारियों की मनमानी से उपभोक्ता काफी परेशान है। यहां बकाए का भुगतान कराने, नए कनेक्शन लेने व घरेलू से व्यवसायिक कराने के नाम पर उपभोक्ताओं का भरपूर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। तारों के मकड़जाल से हादसे की आशंकाः आनंदनगर। फरेंदा कस्बा तारों के मकड़जाल से घिरी हुई है। स्थिति यह है कि बिजली के खंभों पर बिजली से अधिक इंटरनेट और केबल के वायर लटके हुए दिखते हैं। बदहाल एकसड़वा–जंगल गुलरिहा मार्गः नौतनवा। लक्ष्मीपुर विकास खंड क्षेत्र के एकसड़वा से जंगल गुलरिहा मार्ग की स्थिति दयनीय हो चुकी है, जिस पर सफर करना लोगों के लिए दुखदाई हो गया है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जरूरी

महराजगंज। कोरोना संक्रमण की वजह से दो वर्ष से प्रभावित रही अमरनाथ यात्रा अब शुरू होने वाली है, लेकिन यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य जांच में फिट बैठने के बाद ही उन्हें जाने की अनुमति मिलेगी। स्वास्थ्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल में व्यवस्था बनाई गई है। जिले से हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों से लाकडाउन के कारण यात्रा प्रभावित रही, लेकिन अब 11 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होने से श्रद्धालुओं में खुशी है। वह अपनी तैयारी में अभी से जुट गए हैं। जिला अस्पताल में फिजिशियन, सर्जन और नेत्र सर्जन की कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर इनके स्वास्थ्य की जांच करेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एएम भाष्कर ने बताया कि जिला अस्पताल में आठ बजे से दोपहर दो बजे तक डाक्टरों द्वारा ब्लड, किडनी, हार्ड, हड्डी, नेत्र की जांच की जाएगी। इसके बाद 24 घंटे में मेडिकल सर्टिफिकेट उपलब्ध करा दी जाएगी। अगर किसी भी बिदु पर स्वास्थ्य में अस्वस्थता की रिपोर्ट आती है तो अनुमति नहीं दी जाएगी। सब कुछ सामान्य रहा तब ही जाने के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जिन श्रद्धालुओं को अमरनाथ जाना हैं, उन्हें जिला अस्पताल की एक रुपये की पर्ची पर ही जांच की सभी सुविधा मिलेगी। वहां कर्मचारी पर्ची पर ही जांच की मुहर लगा देगा। इसके बाद पैथोलाजी व रेडियोलाजिस्ट विभाग में जांच कराना होगा। रिपोर्ट मिलने पर तीनों डाक्टर को दिखाना होगा। उसके अनुसार वह अनुमति प्रदान करेंगे।

## रिक्त पद के लिए 282 छात्रों ने दिया परीक्षा

बस्ती। जवाहर नवोदय विद्यालय रुधौली में नवीं कक्षा के एक सीट रिक्त हेतु 282 छात्रों ने परीक्षा दिया। प्रवेश चयन परीक्षा में कुल 538 छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया था।जिसमें 256 छात्रों ने परीक्ष में अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में संपन्न कराई गई। कक्षा नववी प्रवेश चयन परीक्षा के लिए मजिस्ट्रेट अधिशासी अधिकारी रुधौली अवनीश कुमार सिंह द्वारा मौके का जायजा लिया गया। प्राचार्य योगेंद्र भक्त ने बताया कि 50 कमरों में 50 अध्यापकों की देखरेख में परीक्षा कराया गया।दिलीप कुमार,एसके मल्ल, डॉ मनोज तिवारी एपी सिंह, पीके गुप्ता, आरएन पाण्डेय, विजय, सुनीता देवी, आरसी यादव, शांभवी सिंह अनीता श्रीवास्तव, अमित कुमार, पूजा,आरएन त्रिपाठी,सहित लोग मौजूद रहे द्य

# मुठभेड़ में तीन बदमाश चढ़े हत्थे, चोरी की 20 बाइक बरामद

महराजगंज । सुबह मुठभेड़ के दौरान एसओजी व कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को दो बाइकों के साथ धर दबोचा। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की और 18 बाइक बरामद की। सभी बाइक सोहगीबरवा जंगल में छिपाकर रखी गयी थी। कोतवाली परिसर में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने गिरोह का पर्दाफाश करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपितों की पहचान पनियरा थाना क्षेत्र के बड़वार निवासी शैलेश भारती व कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द निवासी अरविद पटेल और शितलापुर निवासी भीम यादव के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एसओजी प्रभारी रामआशीष सिंह और सदर कोतवाल रवि कुमार राय को सुबह सूचना मिली थी कि बाइक चोरों का गिरोह पनियरा से महराजगंज की ओर आने वाला है। इसके बाद पकड़ी चौकी प्रभारी दिनेश कुमार जांच पड़ताल में जुट गए। सुबह साढ़े छह बजे दो बाइक पर सवार तीन लोग राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर आते हुए दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे गाड़ी की रफ्तार तेज कर महराजगंज की तरफ भागने लगे। उधर दूसरी तरफ से आ रही एसओजी की टीम ने उन्हें रुदलापुर पुलिया के पास घेर लिया। खुद को घिरता देख एक आरोपित ने देसी असलहे से पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पहली फायरिग के बाद अभी वह तैयारी कर पाता तब तक पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। इनके पास से कारतूस समेत दो असलहा, तीन मोबाइल और 905 रुपये नकदी बरामद हुए। तीनों के विरुद्ध चोरी, हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। टीम में सदर कोतवाल रवि कुमार राय, एसओजी प्रभारी रामआशीष सिंह, पकड़ी चौकी प्रभारी दिनेश कुमार, महिला उपनिरीक्षक कंचन राय समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। आठ से 10 हजार रुपये में बेचते थे चोरी की बाइकः तीनों गिरफ्तार आरोपित महराजगंज, कुशीनगर और सिद्धार्थनगर जिले से बाइक चोरी कर उसे नेपाल और ग्रामीण इलाकों में मात्र आठ से 10 हजार रुपये में बेंचते थे। कुशीनगर का निवासी है मुख्य सरगना शमसेरः चोरी की बाइक खरीदने और उसे ठिकाने लगाने का मुख्य कार्य कुशीनगर जिला थाना नेबुआ नौरंगिया के सौरहा निवासी शमसेर करता था। तीनों आरोपित बाइकों की चोरियां कर उसे शमसेर के पास पहुंचाते थे। इसके बदले उन्हें मात्र आठ से 10 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुट गई है।

## मूर्ति का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

बस्ती। साऊघाट के मंझरिया में शनिवार माँ दुर्गा मूर्ति का प्रतिष्ठा के साथ मूर्ति को स्थापित किया गया इसके पूर्व विद्वान पंडित सीतामणि त्रिपाठी द्वारा विधि विधान के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया तदोपरांत गाजे बाजे के साथ मूर्ति मिलाप हेतु देवी मंदिर सरैया व मुस्तफाबाद पर स्थित माता रानी की मूर्ति से मिलाप करवाया उसके बाद मूर्ति स्थापित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रदीप कुमार ने बताया कि मूर्तियां स्थापित के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।इस अवसर पर विशाल, विकास, विवेक, राजकिशोर, कमलेश, आनंद, आकाश,आदित्य,सहित लोग मौजूद रहे।

# आईजी व एसपी ने सोनहा थाने पर किया विवेचना कक्ष का लोकार्पण

बस्ती। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश मोदक व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव रविवार को सोनहा थाने पर पहुंचे व विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। थाने पर पहुंचते ही जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। आईजी व एसपी द्वारा नव निर्मित विवेचना कक्ष का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण किया गया। स्नान घर व आरओ प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन किया। उनके द्वारा सोनहा–शिवाघाट की ओर बनने वाले गेट का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी ने कहा कि वे बतौर पुलिस अधीक्षक 12 वर्ष पूर्व इस थाने पर आ चुके हैं। तबसे अब थाने की हालत में काफी सुधार हो चुका है। जन सहयोग से बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा कराने, परिसर में इंटरलॉकिंग कराने, पौधारोपण व फुलवारी लगवाए जाने के लिए प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र शाबाशी देते हुए कहा कि मैं इसके लिए 100 में 100 अंक प्रदान करता हूँ। पुलिस अधीक्षक ने भी थाना में हुए कार्यों की सराहना की। कहा कि जल्द ही सोनहा में भी एक अतिरिक्त पुलिस चौकी की स्थापना की जाएगी। कहा कि महिलाओं को बेझिझक होकर थाने में आकर अपनी समस्या बतानी चाहिए। उन्हें हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, प्रमुख रामनगर यशकांत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम तिवारी ने आगंतुकों को अंग वस्त्र व श्री राम चरित मानस भेंट कर स्वागत किया। जय पूर्वांचल व्यापार मंडल भानपुर के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्त, प्रधान संगठन रामनगर के अध्यक्ष मंटू दुबे, अनूप शुक्ल, सुनील तिवारी, सुशील तिवारी, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, मनोज सिंह, दुर्गा सिंह, राजेश पांडेय, अंकित त्रिपाठी की ओर से आगंतुकों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन मानवी सिंह ने किया। दुर्गेश पांडेय, रामदेव, अनिल कुमार यादव, दयानन्द यादव, जिला पंचायत सदस्य अबूबकर, कृष्ण चन्द्र पांडेय, दिनेश दुबे, जयराम चौधरी, भगवंत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रामनवमी पर कस्बे में निकाली गई रथ यात्रा

बस्ती। दुबौलिया कस्बे में रामनवमी को लेकर व्यापारियों तथा श्री रामनवमी महोत्सव के सदस्यों ने भगवान श्रीराम की झांकी निकाल महोत्सव मनाया, कस्बे के पश्चिमी छोर पर स्थित हनुमानगढ़ी पर समाजसेवी इंजीनियर वीरेंद्र कुमार मिश्र व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने वैदिक रीति रिवाज से भगवान श्रीराम व हनुमान जी की पूजा अर्चना कर रथ को आगे बढ़ाया। कस्बा वासी बताते हैं कई पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा को अभी भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है दुबौलिया में स्थित हनुमान गढ़ी से निकलकर राम जानकी मार्ग होते हुए धरमूपुर चौराहे तक लोग झांकी के साथ चल रहे डीजे की धुन पर नाचते गाते पहुंचते हैं और वापस कस्बे के अंदर होते हुए हनुमानगढ़ी तक जाते हैं, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी भी मयफोर्स यात्रा के दौरान उपस्थित रहे ।इस दौरान अनिल सिंह,भगवान बक्श सिंह, चतुर्गुन राजभर, रामकुमार अग्रहरि,सत्यवान शोनी,सूरज कसौधन, आनंद, अरुण कसौधन, सौरभ, नीरज, मुकेश सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# रिहायशी पक्के मकान में अज्ञात कारणों से लगी आंग, हजारों का नुकसान

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पड़िया भौखरी मार्ग पर स्थित पड़िया खास गाँव निवासी पतिराम चौधरी पुत्र स्व धर्मराज के रिहायसी पक्के मकान में रविवार की दोपहर में अज्ञात कारणो से ऑग लग गई। आंग की लपटे देख लोगों ने शोर मचाया ।सूचना पर पहॅुचें उपनिरीक्ष सुभाष मौर्य ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। घटना के वक्त घर के मुखिया पतिराम चौधरी ब इनकी पत्नी नौमी की पुर्णाहुति देने अयोध्या गये हुए। जब कि बड़ा बेटा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कही बाहर गया हुआ था। वही सबसे छोटा बेटा दुर्गश भी आंग लगने के समय रुध ौली में था,जो जानकारी होते ही वापस घर आ गया था ।दुर्गेश ने बताया कि आंग लगने के समय घर में ताला लगा हुआ था। घर के पीछे का दरवाजा भूलवश खुला ही रह गया था। ऑग कैसे लगी पता नहीं है। बताया कि कमरे में रखा इन्वर्टर, कुलर, बड़ा बाक्स व वाक्स में रखे गये कपड़े, गेहूँ, चावल, टीवी, पंखा, तख्त, कंडा व लकड़ी जलकर राख हो गया। सूचना पर तत्काल पहुंचे पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने आर्थिक मदद देते हुए तहसील प्रशासन से भी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## फोन व व्हाट्सएप मैसेज कर मांगी पाच लाख की रंगदारी

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बभनान में में फोन व व्हाट्सएप मैसेज के जरिए एक व्यवसाई से रंगदारी मांगने व मांग पूरी ना होने पर उसकी पुत्री की हत्या करने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है स पीड़ित व्यवसाई के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रंगदारी मांगने की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुट गई हैस गौर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बभनान वार्ड संख्या आठ महागौरी वार्ड निवासी दीप कुमार पुत्र रामजीवन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बभनान के वार्ड संख्या 9 दीनदयाल नगर में उसके सर्राफा की दुकान हैस शनिवार दिन में करीब तीन बजे उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर 9839761051 से मैसेज आया कि कल तक पांच लाख रूपये की व्यवस्था कर उसके पास पहुंचा दें, वरना उसके पुत्री दिव्यांशु की हत्या कर शव उसके पास पहुंचा देगा स मैसेज पढ हडबडाए व्यवसाई ने जब मैसेज भेजने वाले नंबर पर कॉल किया तो फोन उठाने वाला कहां की 5 दिनों के अंदर पैसे की व्यवस्था कर उसे दे दे स नहीं तो वह उसके पुत्री का अपहरण कर उसकी हत्या कर देगा स पीड़ित ने बताया कि जब से रंगदारी मांगने, वेटी के अपहरण कर हत्या करने की धमकी मिली है तब से पूरा परिवार अनहोनी की आशंका से दहशत में है स पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है स थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# गर्भवती की करें खास देखभाल ताकि जच्चा–बच्चा बनें खुशहाल

संतकबीरनगर।मातृत्व स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने पर सरकार व स्वास्थ्य विभाग का पूरा जोर है। इसके तहत हर जरूरी बिन्दुओं का खास ख्याल रखते हुए जच्चा–बच्चा को सुरक्षित बनाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। समुदाय में इस बारे में पर्याप्त जागरूकता लाने और इसके लिए मौजूद हर सुविधाओं का लाभ उठाने के बारे में जागरूकता के लिए ही हर साल 11 अप्रैल को सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। संयुक्त निदेशक मातृत्व स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजरी टंडन का कहना है कि गर्भवती की प्रसव पूर्व मुफ्त जांच के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की नौ तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष आयोजन होता है। जहाँ एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा गर्भवती की सम्पूर्ण जांच निरूशुल्क की जाती है और कोई जटिलता नजर आती है तो उन महिलाओं को चिन्हित कर उन पर खास नजर रखी जाती है, ताकि जच्चा–बच्चा को सुरक्षित बनाया जा सके। इसके अलावा पहली बार गर्भवती होने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सही पोषण और उचित स्वास्थ्य देखभाल के लिए तीन किश्तों में 5000 रूपये दिए जाते हैं । इसके अलावा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना है, जिसके तहत सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने पर ग्रामीण महिलाओं को 1400रूपये और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रूपये दिए जाते हैं । प्रसव के तुरंत बाद बच्चे की उचित देखभाल के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम है तो यदि किसी कारणवश मां की प्रसव के दौरान मृत्यु हो जाती है तो मातृ मृत्यु की समीक्षा भी होती है । सुरक्षित प्रसव के लिए समय से घर से अस्पताल पहुँचाने और अस्पताल से घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध है ।

जटिलता वाली गर्भवती (एचआरपी) की पहचान

दो या उससे अधिक बार बच्चा गिर गया हो या एबार्शन हुआ हो,बच्चे की पेट में मृत्यु हो गयी हो या पैदा होते ही मृत्यु हो गयी हो, कोई विकृति वाला बच्चा पैदा हुआ हो

प्रसव के दौरान या बाद में अत्यधिक रक्तस्राव हुआ हो, पहला प्रसव बड़े आपरेशन से हुआ हो, गर्भवती को पहले से कोई बीमारी हो, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) या मधुमेह (डायबीटीज)

दिल की या गुर्दे की बीमारी , टीबी या मिर्गी की बीमारी, पीलिया, लीवर की बीमारी या हाईपो थायराइड, वर्तमान गर्भावस्था में यह दिक्कत तो नहीं,गंभीर एनीमिया– सात ग्राम से कम हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर 140ध्90 से अधिक, गर्भ में आड़ाध तिरछा या उल्टा बच्चा, चौथे महीने के बाद खून जाना, गर्भावस्था में डायबिटीज का पता चलना, एचआईवी या किसी अन्य बीमारी से ग्रसित होना

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

जिला अस्घ्पताल के स्घ्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विजय गुप्घ्ता का कहना है कि जच्चा–बच्चा को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार द्वारा कई योजनायें चल रहीं हैं । इनका प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें । आशा कार्यकर्ता इसमें अहम् भूमिका निभा रहीं हैं । उनका कहना है कि मां–बच्चे को सुरक्षित करने का पहला कदम यही होना चाहिए कि गर्भावस्था के तीसरे–चौथे महीने में प्रशिक्षित चिकित्सक से जांच अवश्य करानी चाहिए ताकि किसी भी जटिलता का पता चलते ही उसके समाधान का प्रयास किया जा सके । इसके साथ ही गर्भवती खानपान का खास ख्याल रखे और खाने में हरी साग–सब्जी, फल आदि का ज्यादा इस्तेमाल करे, आयरन और कैल्शियम की गोलियों का सेवन चिकित्सक के बताये अनुसार करे । प्रसव का समय नजदीक आने पर सुरक्षित प्रसव के लिए पहले से ही निकटतम अस्पताल का चयन कर लेना चाहिए और मातृ–शिशु सुरक्षा कार्ड, जरूरी कपड़े और एम्बुलेंस का नम्बर याद रखना चाहिए । समय का प्रबन्धन भी अहम् होता है क्योंकि एम्बुलेंस को सूचित करने में विलम्ब करने और अस्पताल पहुँचने में देरी से खतरा बढ़ सकता है ।

गर्भावस्था की सच्ची सहेली बनीं आशा

आशा कार्यकर्ता गर्भ का पता चलते ही गर्भवती का स्वास्थ्य केंद्र पर पंजीकरण कराने के साथ ही इस दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों के बारे में जागरूक करने में सच्ची सहेली की भूमिका अदा करती हैं । इसके साथ ही प्रसव पूर्व जरूरी जांच कराने में मदद करती हैं । संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करतीं हैं और प्रसव के लिए साथ में अस्पताल तक महिला का साथ निभाती हैं ।

# श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

## जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हुआ पूरा नगर

दैनिक बुद्ध का संदेश

चोपन/सोनभद्र। रविवार को श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई द्यसर्वप्रथम नगर के कैलाश मन्दिर पर विधि विधान से झंडा पूजन किया गया इसके पश्चात शोभायात्रा को प्रितनगर अजय ट्रांसपोर्ट से प्रारंभ की गई। बताते चलें कि पिछले दो सालों से कोरोना की वजह से श्री राम नवमी शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगा हुआ था जिसके वजह से कोई भी कार्यक्रम नहीं हो सके थे लेकिन इस बार कोरोना महामारी समाप्ति के पश्चात कमेटी ने भव्य तरीके से शोभायात्रा निकाला



शोभायात्रा के पूर्व पूरे नगर को भगवा झंडे से भगवामय कर दिया गया था। नगरवासियों द्वारा जगह–जगह पर शोभा यात्रा का फूलों के साथ भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक सुंदर झांकिया लोगों का मन मोह ले रही थी साथ ही मनोहारी आतिशबाजी से पूरा आकाश शोभायमान हो रहा था। शोभायात्रा प्रितनगर से शुरू होकर हिल कॉलोनी,अवकाश नगर, मेन मार्केट तथा अन्य जगहों से होती हुई चोपन बैरियर पर समाप्त हुई। वहीं कार्यक्रम मुख्य तौर पर पहुंचे स्थानीय विधायक एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़ ने भगवान की झांकी का विधिवत पूजन एवं आरती किया इस दौरान उन्होंने श्री रामनवमी पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री राम के जीवन को आदर्श मानकर हमें जीवन व्यतीत करना चाहिए और आदर्श समाज की स्थापना करनी चाहिए। इस अवसर पर श्री राम नवमी शोभायात्रा के अध्यक्ष सत्यप्रकाश तिवारी ने आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा सफल आयोजन के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर प्रदीप अग्रवाल, संजीव तिवारी,राम सुंदर निषाद, सुनील सिंह, जितेंद्र जायसवाल, निरज भाटिया, महेंद्र केशरी, सतनाम सिंह,मोना दास,अजय सिंह, पिंटू जायसवाल, राजू चौरसिया, विकास चौबे, सुरेश जायसवाल, सुशील पाण्डेय, नरसिंह त्रिपाठी,मनोज शुक्ला, जनार्दन बैशवार, सुरेश यादव, अंकित पाण्डेय,अनील शर्मा, धर्मेश जैन, रविरंजन पाण्डेय आदि मौजूद रहे वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक के. के. सिंह पुलिस बल के साथ चाक चौंबद रहे।

# उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश


सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे सामाजिक पखवाड़े के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जनपद के 500 से अधिक उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष भाजपा श्री अजीत चौबे ने किसानों को सम्मानित किया तथा संबोधित करते हुए कहा कि किसान भारत की रीढ़ हैं भारत की नीव है किसानों ने देश के योगदान में देश के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है जब भी देश कभी परेशानी में फंसा है आर्थिक रूप से समस्या में उलझा है तो देश के किसानों ने आगे बढ़ कर के अपने मजबूत कंधों पर देश को उठाकर आगे बढ़ाने का काम किया है जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा यादवेंद्र दत्त द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 2022 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के समस्त कार्यकर्ताओं एवं जनपद के सभी किसानों ने आदरणीय नरेंद्र मोदी जी और योगी जी के ऊपर विश्वास करके पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनवाया है और सोनभद्र की चारों सीटें जीताया है इसके लिए हम सभी किसान मोर्चा के एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनपद के समस्त किसान बंधुओं का आभार व्यक्त करते हैं अभिनंदन करते हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश मिश्रा उमेश सिंह जी नरसिंह पटेल अनिल सिंह बृजेश पांडे मनीषा राय मंजू गिरी प्रकाश पांडे अभय कांत दुबे प्रथम श्रीवास्तव भगवती अग्रवाल संतोष सिंह धीरेंद्र जयसवाल राज बहादुर सिंह ध्रुव कांत द्विवेदी चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।




# नगर में भव्य श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोनभद्र नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविवार को श्री राम दरबार अखाड़ा द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य श्री राम शोभायात्रा निकाली गई ।यात्रा नगर के प्रस्तावित मार्गो राम जानकी मंदिर से धर्मशाला चौक चंडी होटल चंडीगढ़ तल से शीतला मंदिर चौक से बढ़ौली चौराहे कचहरी होते हुए महिला थाना वापस राम जानकी मंदिर पर समापन हुआ ।श्री राम दरबार शोभायात्रा में भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा शरबत पानी मिष्ठान इत्यादि चीजें राम भक्तों द्वारा वितरित की गई। यात्रा में मनमोहक झांकियां राधा कृष्ण राम दरबार महाकाल भारत माता वाह सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तों द्वारा आतिशबाजी अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए यात्रा में मुख्य रूप से धर्मवीर तिवारी जितेंद्र सिंह प्रमोद गुप्ता आलोक सिंह विनोद कुमार गुप्ता लव कुश रवि पांडे हरीश जी कीर्तन जी अवध जी रिया जैन संतोष कमलेश चौबे आशुतोष त्रिपाठी योगेश सिंह अनु पांडे अखिलेश श्याम उमर मनीष अग्रहरि मनीष वर्मा संतोष सिंह पटेल रामकेश चौबे आलोक अग्रहरि विनोद कुमार संदीप पांडे हर्ष केसरी राजेश गुप्ता सत्य प्रताप सिंह चंदन केसरी सदर विधायक भूपेश चौबे ब्लाक प्रमुख अजीत रावत प्रकाश केसरी वह हजारों की संख्या में राम भक्त यात्रा में शामिल हुए।



# मां शीतला धाम में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के मुख्य चौराहे पर स्थित मां शीतला देवी धाम पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कि सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार केसरी ने बताया कि हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। और लगभग 2 वर्षों से कोरोना काल के कारण इसका आयोजन नहीं हुआ। लेकिन इस बार मां शीतला की कृपा से आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कि सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष केशरी कोषाध्यक्ष राहुल पांडेय, महामंत्री अमित सोनकर, विजय जैन,आयुष केशरवानी, दीपक केशरी, ईश्वर केशरी, लक्ष्मण सोनकर, राजन सोनी, संसार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला कल्याण के लिए बनी 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना

संतकबीरनगर।महिला कल्याण विभाग ने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज 4.0 के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत अप्रैल से जून माह तक पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी । इस सम्बन्ध में निदेशक महिला कल्याण मनोज कुमार राय ने सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा के बारे में अवगत कराया है ।

मनोज राय के मुताबिक मिशन शक्ति 4.0 में जन जन तक पहुंच कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देना हमारा मुख्य उदेश्य है। गतिविधियों में 13 से 21 अप्रैल के बीच जनपदों द्वारा ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय भव्य स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन कर मिशन शक्ति 4.0 की विधिवत शुरुआत की जायेगी व प्रत्येक 15 दिवसों के अंतर पर ऐसे कैम्प आयोजित किये जायेंगे। कैम्प के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे– मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों का चिन्हांकन करते हुए लाभ भी पहुंचाया जायेगा । इन कैम्पों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के दायरे में आने वाले परिवारों, महिलाओं और बच्चों के आवेदनों की समस्त कार्यवाही 'इन वन विंडो कैम्पस' के माध्यम से पूरी की जायेगी । कैम्प में फार्म भरने से लेकर सत्यापित करने और स्वीकृत करने वाले सभी अधिकारी व कर्मचारी को उपस्थित रहना होगा ताकि पात्र लोगों को वहीं पर लाभ दिलाने की कार्यवाही पूरी की जा सके । कैम्प के आयोजन के बारे में समुदाय को अवगत कराने के लिए प्रचार–प्रसार के माध्यमों का बेहतर इस्तेमाल किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो सकें और योजनाओं का लाभ ले सकें । हर ग्राम सभा के प्रधान व बाल संरक्षण समिति को भी सक्रिय किया जाएगा ताकि हर ग्रामीण को कैम्प के आयोजन की जानकारी हो सके ।

मेगा इवेंट – 'जागरूक' मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप

मिशन शक्ति 4.0 के तहत 22 अप्रैल को मुख्यालय महिला कल्याण के तत्वावधान में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से लखनऊ में मेगा इवेंट का आयोजन किया जायेगा । इसके तहत राज्यस्तरीय 'जागरूक' मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा । इसी क्रम में 26 अप्रैल से 30 जून के मध्य सभी मंडलों में सीफार संस्था के सहयोग से मंडल स्तरीय 'जागरूक'मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा । इन वर्कशॉप के माध्यम से विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने पर मीडिया के साथ विचार विमर्श होगा ।

अन्य प्रमुख गतिविधियाँ

एक मई को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम दिवस और तीन मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर एक से सात मई तक बाल विवाह व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता व रेस्क्यू के लिए 'आपरेशन मुक्ति' वृहद आयोजन किया जायेगा । 13 मई को प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर बच्चों और महिलाओं सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता व विचार–विमर्श हेतु प्रधान सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे । 26 से 28 मई के बीच लिंगानुपात पर जागरूकता के लिए समस्त ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुड्डा–गुड्डी बोर्ड की स्थापना की जायेगी । दो जून को मेगा इवेंट ' हक की बात जिलाधिकारी के साथ' का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन और दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझाव व सहायता के लिए दो घंटे का पारस्परिक संवाद आयोजित किया जाएगा । 30 जून को मेगा इवेंट 'अनंता' का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रेरक महिलाओं और बालिकाओं की पहचान की जायेगी और सम्मान किया जाएगा ।

# रामनवमी पर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

बस्ती। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सत्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्राम व पोस्ट महरीपुर के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय कोठवा भरतपुर में निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक रुधौली संजय प्रताप जायसवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। हॉस्पिटल के संस्थापक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि आम जनमानस में आज के दिन चिकित्सा सेवा करना एक पुनीत कार्य है। शिविर के उद्घाटन समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल में चिकित्सा सेवा के कार्य को मनुष्य की जिंदगी को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य बताया सत्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ हनुमान सिंह ने बताया कि आम जनमानस में आज के दिन चिकित्सा सेवा कार्य करना पुनीत कार्य है साथ ही यह भी कहा कि ग्रामीणों में चिकित्सा संबंधित कोई भी कार्य हमारे यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जांच उपरांत समुचित इलाज किया जाता है। हमारे यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भावस्था की जांच करके सामान्य प्रसव कराया जाता है। आज शिविर के उद्घाटन के अवसर पर लगभग 350 लोगों का उपचार किया गया तथा 5 गंभीर रोगियों को सत्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जिनका इलाज चल रहा है। निदेशक डॉक्टर हनुमान सिंह ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र सत्या मल्टी हॉस्पिटल स्पेशलिटी हॉस्पिटल अत्याधुनिक अस्पताल बनेगा। क्षेत्र के लोगों का लखनऊ या गोरखपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी इस शिविर में ,डॉ०मनोज चतुर्वेदी,डॉ० रितेश तिवारी, डॉ उमेश कुमार तिवारी सीनियर फार्मासिस्ट, आनन्द मिश्रा अश्विन यादव, खुशी मिश्रा गुड़िया आंचल पांडे अमन श्रीवास्तव, आदर्श मिश्रा, नीरज काजल, मोहम्मद आरिफ आदि लोग उपस्थित रहे।

## दिघुल गांव में साइकिल में बाइक ने मारी जोरदार टक्कर, दो लोग हुए गम्भीर घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव में तेज रफ्तार




बाइक ने एक साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे साइकिल चालक व बाइक चालक दोनों घायल हो गए। जानकारी के अनुसार समसुद्दीन पुत्र इसमोहहम्मद मरहूम निवासी दिघुल अपने साइकिल से महुआ बीनने जा रहे थे की सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार समसुद्दीन व बाइक सवार अमिनुल्लाह पुत्र रमजान सरीख निवासी सोनडीहा दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । परिजनों ने आनन फानन में घायल अवस्था मे दोनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी पर भर्ती कराया गया जहाँ इलाज चल रहा है।

## हैनीमैन जयंती पर होगा कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रांतीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ सोनभद्र द्वारा 267 वें हैनीमैन जयंती के अवसर पर दिनांक 11 अप्रैल 2022 दिन सोमवार को सुबह 11रू00 बजे से जिला अधिकारी कार्यालय के सामने पिपरी रोड पर स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव सिंह गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक भूपेश चौबे एवम मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र उपस्थित रहेंगे।



## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

बस्ती ।दुबौलिया थाना क्षेत्र के विशेषरगंज से सामान लेकर घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोग निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां डा. राजवंत सिंह ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।साड़पुर ग्राम पंचायत के भरवटिया गांव के गंगाराम 45 पुत्र सिलपत बाइक से विशेश्वरगंज कस्बे से सामान लेकर घर वापस जा रहे थे अभी वह राम जानकी मार्ग के रामनगर गांव के करीब पहुंचे थे की सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बेटा–बेटी एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार आदि नारों से सुसज्जित प्रदेश में स्कूल चलो अभियान प्रारम्भ

हरदोई ।सब पढ़े, सब बढ़े, शिक्षा विकास की कुंजी है। कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार, घर–घर दीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ, पढ़ेंगे पढ़ायेंगे उन्नत देश बनायेंगे, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा छूटा, पढ़ी लिखी नारी घर की उजियारी, आदि नारों से सुसज्जित उ0प्र0 में स्कूल चलो अभियान उ0प्र0 सरकार का बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकरण कराकर शिक्षा देने का बड़ा कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया है। इस अभियान के तहत प्राइमरीध्बेसिक शिक्षा के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा घर–घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। शिक्षा मनुष्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक उपकरण है। जीवन में शिक्षा रूपी उपकरण का प्रयोग कर कुछ भी अच्छा प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा लोगों को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक, सम्मान, आदर्श एवं नैतिकता के साथ मानवता का बोध कराती है। शिक्षा लोगों में आत्म विश्वास विकसित करने के साथ ही व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होती है। पूरी शिक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। यह समाज के सभी व्यक्तियों में समानता और बन्धुत्व की भावना लाती है। शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए हर तरह की सुविधायें दे रहे है और लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष स्कूल चलो अभियान चला रहे हैं।

प्रदेश में 04 अप्रैल, 2022 से 30 अप्रैल, 2022 की अवधि में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा दिनांक 04 अप्रैल, 2022 को जनपद श्रावस्ती से ''स्कूल चलो अभियान'' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के नामांकन में अभूतपूर्व वृद्धि हुयी है। ''स्कूल चलो अभियान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़े जाने के लिए सरकार तत्पर है। सरकार द्वारा घर–घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने, उन्हें शिक्षा के महत्व से परिचित कराने, शतप्रतिशत बालक–बालिकाओं का नामांकन कराने एवं उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में ''स्कूल चलो अभियान'' कार्यक्रम लगातार संचालित किया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान के कारण विगत शैक्षिक सत्रों में परिषदीय विद्यालयों में छात्र नामांकन में पर्याप्त वृद्धि हुयी है, जिसमें शैक्षिक सत्र 2016–17 में 15231268 छात्र–छात्राओं का नामांकन हुआ था वही वर्ष 2017–18 15367206, 2018–19 में 15892722, 2019–20 में 16012684, 2020–21 में 16632987 एवं 2021–22 में 17354636 का नामांकन हुआ।

प्रदेश में शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन कर विद्यालयों में नामांकन किया जा रहा है, जिसमें अध्यापक, ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का सहयोग लिया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्रदेश के 1.33 लाख स्कूलों को बुनियादी अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। प्रदेश में कक्षा 1–8 में अध्ययनरत राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खाते में निःशुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, जूता–मोजा एवं स्कूल बैग की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किये जाने की व्यवस्था लागू है। समस्त राजकीय, परिषदीय, सहायतित विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा–1 से 8 तक के समस्त बालकध्बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कार्यपुस्तिका वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में प्री–प्राइमरी पर समुदाय जागरूकता हेतु हमारा–आँगन–हमारे बच्चे, विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम, संचालित किया जा रहा है। प्रदेश के सभी विद्यालयों में बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास हेतु निपुण भारत मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को आकर्षित करने हेतु खेलकूद सामग्री, तथा बच्चों को रूचिकर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकालय की पुस्तकों एवं गणित किट उपलब्ध करायी गयी है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में 06–14 आयु वर्ग के समस्त दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु बेल पाठ्यपुस्तकें तथा अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु इंलार्ज पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था की गयी है तथा गम्भीर रूप से दिव्यांग बालिकाओं हेतु स्टाइपेन्ड दिया जा रहा है। कक्षा 01 से 03 में अध्ययनरत समस्त दिव्यांग बच्चों को हिन्दी भाषा एवं गणित विषय की सुगम्य वर्कशीट्स का वितरण किया गया है। छात्र–छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं की शिक्षा, सशक्तीकरण एवं स्वालम्बन की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे बालिकाओं में आत्म विश्वास आ रहा है।

## बदमाशों ने तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर पांच घरों में की लूटपाट

### पिसावां इलाके में नहीं दिख रहा बाबा के बुलडोजर का खौफ

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदमाशों ने तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर पांच घरों में की लूटपाट नकदी सहित करीब पन्द्रह लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरसंडा गांव में रात्रि को बदमाशों ने सबसे पहले कृष्ण कुमार अवस्थी के घर को निशाना बनाते हुये छत के सहारे घर में घुसे बदमाशों ने अलमारी व बड़े बक्से में रखी चालीस हजार की नकदी सहित हार कुंडल अंगूठी झाला नथनी पायल सहित पांच लाख के जेवरात चोरी कर लिये। जिसके बाद नरेश यादव के घर में घुसे चोरों ने पचास हजार की नकदी ज्वैलरी, हार बेहसर दो अंगूठी तीन जोड पायल चालीस थाली पन्द्रह लोटा बेधा व कपड़े सहित करीब चार लाख का माल पार कर दिया। जिसके बाद चोरों ने कृष्ण मोहन शुक्ल के घर में घुसकर तीन बक्से उठा ले गये। सुबह सर्वोदय ज्ञान विकास विद्यालय के पीछे तीनों बक्से खाली मिले। जिसमें रखे बीस हजार रुपये सहित दो लाख के जेवरात पार कर दिये। वहीं कृष्ण मोहन शुक्ल के घर चोरों ने धावा बोलकर जमीन के कागजात व दो लाख के जेवर पर हाथं साफ कर दिया। जिसके बाद चोरों ने करीब ढाई बजे इशहाक खान के घर धावा बोल दिया। लेकिन रोजे की वजह से घर के लोग जग गये। जिसकी वजह से जेब में रखे पैंतीस सौ रुपये लेकर चोर फरार हो गये। जिसकी सूचना पाते ही रात्रि को ही पीआरवी व थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर चोरों की तलाश में जुट गये।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत की गई 41 गर्भवतियों की स्वास्थ्य जांच

हरदोई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछौना में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत .विशेष कैंप का आयोजन किया। ताकि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जा सके। जच्चा बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच कराना आवश्यक है। इस शिविर में 41 मरीजों की हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी ब्लड प्रेशर समेत जांचें निरूशुल्क की गई।

सीएचसी अधीक्षक डॉ किसलय बाजपेई ने बताया, इसके द्वारा यह पता लगाया जाता है कि कहीं कोई गर्भवती महिला उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था में तो नहीं है। इसी को लेकर प्रत्येक 9 तारीख को विशेष कैंप का आयोजन किया जाता है। गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य का देखभाल के लिए अब महिलाएं भी जागरूक दिखने लगी है। कैंप में काफी संख्या में महिलाएं आकर अपना प्रसव पूर्व जांच करा रही है। गर्भावस्था मे पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा मे करना बेहद जरुरी है। गर्भस्थ शिशु का विकास माता के आहार पर निर्भर होता है। गर्भवती महिला को ऐसा आहार करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु के पोषण कि आवश्यकताओं को पूरा कर सके। गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी में शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान जिन महिलाओं में जोखिम की संभावना मिलती है, उनके मातृत्व एवं शिशु सुरक्षा कार्ड पर लाल रंग की बिंदीध्एचआरपी (हाई रिस्क प्वाइंट) मोहर लगाकर चिन्हित किया गया ।प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम गुप्ता व स्टाफ नर्स प्रेमलता, प्राची, एकता व सोनाली तथा एंबुलेंस सुपरवाइजर प्रियंका दीक्षित भी मौजूद रहीं।

## आरोग्य क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

उन्नाव। अस्वस्थ होने की दशा में गरीब व असहाय मरीजों के लिए एक बडी समस्या इलाज की भी खडी हो जाती है। ऐसे में शहर में मरीजों की सेवा का संकल्प लेकर एक ऐसा अस्पताल चलाया जा रहा है जहां पर समय समय पर मरीजों के बेहतर स्वास्थ लाभ की जरुरत को देखते हुए निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिससे गरीब व जरुरतमंद लोग अपना निःशुल्क परीक्षण करवा सके। स्थानीय दही क्षेत्र में स्थित आरोग्य क्लीनिक में आज निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी आयोजक भाविनी बाजपेयी ने दी। उन्होने बताया कि यहां पर हर प्रकार के रोगियों का कुशल चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। बता दें कि त्वचा संबन्धीरोगो के लिए कुशल चिकित्सकों की टीम यहां पर उपलब्धा है। शिविर में प्रमुख रुप से डा0 अरशद बीएएमएस, डा0 अस्मिना ओबीएस एवं गायनेकोलॉजिस्ट उपस्थित रहे।

## गर्मी को देखते हुए बदला स्कूल का समय

उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद सचिव ने एक पत्र जारी कर निर्देश दिए है कि ग्रीष्मावकाश प्रारम्भ होने तक विद्यालय प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक संचालित किया जायेगा। पठन–पाठन हेतु समस्त छात्र–छात्रायें प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। जिसमे प्रार्थना, योगाभ्यास प्रातः 7.30 बजे से 7.40 बजे तक एवं मध्यावकाश प्रातः 10.00 बजे से प्रातः 10.15 तक होगा। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक विद्यालय समय प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर अन्य कार्यो, दायित्वों का निर्वाहन करेंगे।

## स्कार्पियो ने मारी बाइक को टक्कर,पति पत्नी घायल

फिरोजाबाद ।जनपद के टूण्डला इलाके में एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना थाना टूण्डला क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित कमल टॉकीज चौराहे की है ।जहां स्टेशन की ओर से सुभाष चौराहे की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने जिसमें करीब 3 से 4 लोग सवार थे ।आगे चल रही बाइक जिस पर योगेंद्र शर्मा निवासी कच्चा टूण्डला और उनकी पत्नी पुष्पा जोकि दवाई लेकर आ रहे थे,पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ।इस घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई,वहीं बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना को देख वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ।वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों घायल पति पत्नी को टूण्डला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।जहां उनका उपचार किया गया है ।वहीं पुलिस ने मौके से स्कॉर्पियो और स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है

## गिरिराज गोवर्धन का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक कस्बे में मंन्दिर परिसर मे चल रही भागवत कथा मे सातवें दिवस मे गिरराज गोवर्धन प्रसंग का श्रवण कराया गया। जिसको सुनकर श्रोताओं ने ज्ञान मई गंगा मे खूब डूबकी लगाई। क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे माता काली प्रांगण मे सात दिवसीय कथा मे संदीप शास्त्री के मुखार बिन्दु से भगवान कृष्ण की गोवर्धन लीला का आलोकन विलोकन कराकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बताते चले ब्रजवासियों के द्वारा परम्परा गत प्रति वर्ष वर्षा ऋतु के आगमन से पहले देव राज की पूजा की जाती थीं जिसकी तैयारी सभी नगर वासी कर रहे थे तभी भगवान कृष्ण ने नंद बाबा से पूछा आज किस उत्सव की तैयारी है तब नंद बाबा ने बताया की लल्ला यह देव राज इन्द्र की पूजा की तैयारी हो रही जो महा मुनि अविलस के द्वारा कराई जायेगी तब भगवान कृष्ण ने प्रणाम कर कहा मुनिवर यदि पूजा करनी है तो ईश्वर की करो तब नंद बाबा ने कहा लल्ला देवराज इन्द्र नाराज हो जायेंगे। वो माघो के स्वामी है इस लिए हम नगर वासी करते हैं, जिससे हमारी धरती हरी भरी रहती है लेकिन भगवान कृष्ण ने कहा हमने सुना है की देवराज इन्द्र राग रंग का भोग विलासी है वो कैसे भगवान हैं जो भगवान होता है वह दयालु होता यह कैसे भगवान जिनकी पूजा न हो तो बादल हटा लेगे मुझे लगता यह व्यापारी हैं आखिर भगवान कृष्ण ने परमपिता परेमश्वर की पूजा कराई तभी गिरराज गोवर्धन ने व्रजवासियों को दर्शन देकर आशीर्वाद दिया की सदा पर्वत हरा भरा रहेगा हमारी संपदा सभी के लिए है तत्पश्चात इन्द्र को सूचना मिलने पर की इस बार ब्रजवासियों ने यज्ञ नहीं किया तो इन्द्र ने क्रोधित होकर मेघो को बुलाकर आदेशित किया इतनी बारिश करो ब्रज मे की सब कुछ तहस नहस हो जाये आखिर मेघो की अति बृष्टि को देखकर कृष्ण ने गोवर्धन की याचना करके समूचे पवर्त राज को ऊगंली से उठाकर देवराज इन्द्र का अंहकार मिटा दिया यह देखकर देव राज ने श्री हरि बिष्णु से याचना की प्रभु क्षमा कीजिए। इस मौके अनुज कुमार दीक्षित, हर्ष शुक्ला, अभय पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, संदीप कश्यप, प्रदीप कश्यप आदि सभी सहयोगी जन उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव

उन्नाव। सुमेरपुर ब्लाक सभागार में एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड सदस्य व नगर पंचायत अध्यक्ष समेत 162 मतदाताओं में 161 ने मतदान किया। सुमेरपुर ब्लाक में एमएलसी चुनाव के लिए सुबह आठ बजे से शुरू हुआ मतदान शायं चार बजे तक कडी सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न हुआ। ब्लाक के 75 ग्राम प्रधानों में 75, 76 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में 75, भगवंतनगर पंचायत के दस वार्ड सदस्यों व नगर पंचायत अध्यक्ष समेत 162 मतदाताओं में 161 ने मतदान किया। ब्लाक की सवाइन पंचायत की एक महिला बीडीसी मतदान करने नही पहुंची है।

## कुकर्म के आरोपी को अदालत ने सुनायी 10 साल की सजा

फिरोजाबाद। बिशेष पॉस्को अदालत ने बालक के साथ कुकर्म के आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है.अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है.जुर्माना न देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतान पड़ेगा अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना दक्षिण के हिमायूंपुर निवासी दुर्गेश 31 दिसंबर 2018 में 7 वर्षीय बालक को बहला–फुसलाकर एक फैक्ट्री की झाड़ियों में ले गया। वहां कुकर्म किया। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने विवेचना के बाद दुर्गेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। एडीजीसी अजमोद सिंह चौहान ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। न्यायालय ने दुर्गेश को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 377 में 10,000 रुपये तथा पॉक्सो में 10000 रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

## ऋण जमा अनुपात बढ़ाने की जरूरतःमहाप्रबंधक

जौनपुर। व्यवसाय क्षेत्र तथा कार्मिक जनबल में भारत वर्ष के सबसे बड़े 31 जनपदों में अपनी सेवाये प्रदान कर रहे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बढ़ौदा यूपी बैंक के महाप्रबंधक देवाशीष बख्शी द्वारा जिले के शाखा सिद्दीकपुर के नये सुसज्जित परिसर का समरोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। इस अवसर प्रबंधक श्री बख्शी द्वारा ऋण जमा अनुपात को बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। शाखा कार्मिकों से अपेक्षा की गयी कि बेहतर ग्राहक सेवा ही बैंक व्यवसाय प्रगति का आधार है अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये परिसर उद्घाटन के अवसर पर ऋण शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें शाखा से कार ऋऋण ग्राहक श्री दयाशंकर यादव को वित्तपोचित कार की चाभी माननीय महाप्रबंधक द्वारा हस्तगत करायी गयी। अतिथियों का स्वागत करते हुए बढ़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अब तक के बैंक व्यवसाय प्रगति से अवगत कराया गया। क्षेत्र प्रमुख ने जनपद के विकास में बड़ौदा यूपी बैंक के योगदान से अवगत कराते हुए कहा कि बैंक ऋण योजनाओं विशेषकर शासकीय योजनाओं के साथ ही साथ रिटेल बैंकिंग में भी सभी बैंकों से आगे बढ़ कर ऋणों का स्वीकरण वितरण कर रहा है। बड़ौदा यूपी बैंक का जमा अनुपात जनपद की सभी बैंकों के ऋण जमा अनुपात से सर्वाधिक 48 प्रतिशत है एवं यह आश्वस्त किया कि शीघ्र ही हमारा बैंक जनपद में प्रदेश के ऋऋण जमा अनुपात स्तर को प्राप्त कर लेगा शासकीय योजनाओं में प्राप्त लगभग सभी आवेदनों का स्वीकरण वितरण बैंक द्वारा कर दिया गया है। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती स्वाति वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, प्रबंधक रजनीश पाण्डेय वरिष्ठ प्रबंधक बढ़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर योगदान रहा धन्यवाद ज्ञापन शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

## लापरवाही पर टूण्डला चौकी प्रभारी सस्पेंड

फिरोजाबाद। एसएसपी आशीष तिवारी ने टूण्डला की चौकी प्रभारी सविता भाटी को सस्पेंड कर दिया है.इन पर लापरवाही बरतने का आरोप था आपको बता दें कि एसएसपी आशीष तिवारी ने कल टूण्डला शहर की पंजाब नेशनल बैंक का निरीक्षण किया था.इस दौरान उन्होंने पाया कि चौकी इंचार्ज को बैंकों की रूटीन चेकिंग करनी चाहिए थी जो उन्होंने नही की क्योकि बैंक के आगंतुक रजिस्टर में उनकी एंट्री नही थी.इसी को बड़ी लापरवाही मानते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है.उन्होंने बैंक प्रबंधको को भी हिदायत दी है कि बैंकों में आगंतुक रजिस्टर में हर हाल में हर आने जाने वाले का रिकॉर्ड होना चाहिए

## बालक का हत्यारोपी गिरफ्तार,जमीनी रंजिश में की थी हत्या

फिरोजाबाद। जसराना इलाके में कुछ दिन पहले मामूली विवाद में एक बालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. पुलिस ने घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.आरोपी से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए है उल्लेखनीय है कि थाना जसराना के गांव रावरी निवासी अमर सिंह एवं उसके भाई अर्जुन सिंह में जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों भाइयों ने आपसी सहमति से विवाद निपटाया तो गांव के राकेश एवं श्रीकृष्ण ने मामले को तूल देना शुरू कर दिया। इसी को लेकर रविवार को दोनों पक्षों में हुए विवाद हुआ था। अमर सिंह के पुत्र शिवम के साथ राकेश, अंकित, श्रीकृष्ण एवं बंटू ने अमर सिंह के पुत्र शिवम को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल फतेह बहादुर घसिंह भदौरिया ने कहा कि बंटू को औंछा घ्चौराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। आरोपी के पास से अला कत्ल भी बरामद हुआ है

## बालिका की सड़क हादसे में मौत,परिजनों के संग मंदिर जाते समय हुआ हादसा

फिरोजाबाद। जनपद के मक्खनपुर थाना क्षेत्र में एक बालिका की सड़क हादसे में मौत हो गयी.यह बालिका अपने परिजनों के साथ एक लोडर मैक्स में बैठकर मटसेना इलाके में बीहड़ बाली माता के मंदिर जा रहे थे.इसी दौरान गांव में ही उसी लोडर मैक्स से यह हादसा हो गया. परिजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव घर ले गए। मक्खनपुर थाना क्षेत्र के गैलरई निवासी दिव्या (8) पुत्री रामनिवास के बाबा राजेंद्र सिंह ग्रामीण और परिजनों के साथ घ्मटसेना थाना क्षेत्र स्थित बिहड़ वाली माता पर नेजा चढ़ाने जा रहे थे। इस दौरान दिव्या भी परिवार के साथ जा रही थी। गांव से समीप ही बालिका मैक्स जीप की चपेट में आकर घायल हो गई। परिजन उसे उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। बालिका का पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को ले गए। बालिका की मौत का पता चलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहां मातमी सन्नाटा क्या सो गया। परिवार की महिलाओं के रुदन से माहौल गमगीन हो गया

## नाचते गाते लगाते रहे मां का जयकारा

जौनपुर। राजपूत राठौड़ छत्रिय वंश के डेढ़ सौ वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। चौत्र नवरात्रि की सप्तमी के दिन यह पूरा परिवार भंडारी स्टेशन से मिल चौराहा से होकर नई मंडी रुक कर वहां पर 5 मिनट का ठहराव देख कर फिर मां शीतला के जयकारा लगाकर नंगे पांव नाचते गाते मां शीतला के दरबार पहुंचते हैं और वहां पर सभी देवी देवता का नाम लेकर एक एक आदमी झंडे को खड़ा कर हाथ में लेकर नाचता है और मां का जयकारा लगाता है । राजपूत राठौर के जोगेंद्र सिंह ने बताया कि मुझे खुद नहीं याद है कि यह परंपरा कब से चली आ रही है हमारे पूर्वज चौधरी बाला दिन सिंह ने डेढ़ सौ वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है और हम लोग बड़े धूमधाम से पूरे परिवार के साथ मां के धाम पहुंचते हैं और मां के घुमच पर रस्सी से बांधकर और पूरा परिवार हवन कुंड में हवन कर प्रसाद वितरण करते हैं इस मौके पर आयोजन करतार सिंह के नेतृत्व में सभी बंधु बंधुओं राजपूत समाज द्वारा पूरे मोहल्ले के लिए का पूजा होता है इस मौके पर जय सिंह खन्ना डब्लू सुशील बबलू रानी सिंह निधि सिंह सुशील सिंह राजू यादव गुंजन यादव आज भक्त लोग मां के धाम पहुंचे और मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# कही आप भी तो नहीं करते मोबाइल चार्ज करते समय ये 5 गलतियां



आज के दौर में मोबाइल हर किसी के लिए एक बहुत ही जरूरी साधन बन चुका है। यदि मोबाइल न हो तो आप खुद को दुनिया से कटा हुआ महसूस करने लगते हैं। इसलिए मोबाइल का हर वक्त चार्ज रहना बहुत जरूरी होता है। मगर, मोबाइल चार्जिंग से जुड़ी कुछ गलतियां हैं, जिन पर आमतौर पर लोग ध्यान नहीं देते हैं। इन गलतियों को यदि आप बार–बार दोहराते हैं तो आपका मोबाइल खराब भी हो सकता है। तो चलिए आज हम आपको मोबाइल चार्जिंग से जुड़ी कुछ गलतियों के बारे में बताते हैं, जिन पर यदि आप ध्यान दें तो आपके मोबाइल की लाइफ बढ़ सकती हैं। –मोबाइल फोन से जुड़ी सबसे आम गलती है की लोग अपने मोबाइल को चार्ज करने के लिए किसी भी चार्जर का प्रयोग कर लेते हैं। मगर, ऐसा करने से आपके मोबाइल की बैटरी बहुत ज्यादा गरम हो जाएगी। इससे आपके मोबाइल की लाइफ कम होती है। बेस्ट है कि आप मोबाइल के साथ मिले चार्जर से ही उसे चार्ज करें। – मोबाइल को हर वक्त 100 प्रतिशत चार्ज रखने की भूल मत करें। आपको बता दें कि इससे आपके मोबाइल की बैटरी की लाइफ कम हो जाती है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कभी भी मोबाइल की चार्जिंग को 0 प्रतिशत न होने दें। यह स्थिति भी आपके मोबाइल की बैटरी की लाइफ को कम करती है। –ज्यदातर लोग रात में सोने से पहले मोबाइल को चार्जिंग पर लगा देते हैं और फिर उसे रात भर के लिए लगा छोड़ देते हैं। मोबाइल को चार्ज करने का यह सही तरीका नहीं है। इससे फिजूल की बिजली तो खर्च होती ही है साथ ही इतने लंबे समय के लिए चार्जिंग पर लगाने से मोबाइल की बैटरी भी बहुत अधिक गरम हो जाती है। – अधिकतर लोग मोबाइल की बैटरी 0 प्रतिशत होने तक उसे यूज करते रहते हैं,जो की बहुत गलत है। मगर, उससे भी ज्यादा गलत बात है, चार्जिंग के दौरान मोबाइल को यूज करना। कई लोग तो चार्जिंग पर मोबाइल को लगा कर बात भी करते हैं। इससे मोबाइल की बैटरी ओवरहीटेड हो जाती है।


यह स्थिति मोबाइल को नुकसान पहुंचाने के साथ–साथ आपको भी हानि पहुंचा सकती है, इसलिए ऐसा करने से बचें। – आजकल डिजाइनर मोबाइल केस लगभग हर किसी के मोबाइल में देखे जा सकते हैं। बेशक यह मोबाइल की खूबसूरती को बढ़ाते हैं मगर, जब आप मोबाइल चार्ज करते हैं तो इन्हें हटाना न भूलें। यदि आप मोबाइल को केस लगा कर चार्ज करेंगे तो इससे बैटरी और मोबाइल के अंदर के कॉम्पोनेंट्स ज्यादा गरम हो जाएंगे इससे आपके मोबाइल को नुकसान पहुंच सकता है।

# शादी के बाद और भी हसीन हुईं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने कातिलाना हुस्न को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह अक्सर फैंस के साथ अपनी तस्वीरें



शेयर करती रहती हैं. अब उन्होंने अलग–अलग लुक में अपनी लेटेस्ट फोटोज पोस्ट की हैं जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं. मौनी रॉय के हुस्न के लाखों दीवाने हैं. वह जब अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, तो इंटरनेट का तापमान हाई हो जाता है. उन्होंने एक बार फिर फैंस के दिलों में खलबली मचा दी है. उन्होंने अलग–अलग लुक में अपनी फोटोज पोस्ट की हैं. इन तस्वीरों में मौनी रॉय का हॉट अंदाज देखते ही बन रहा है. उन्होंने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं. किसी फोटो में वह ब्रालेट पहने हुए नजर रही हैं, तो किसी में वह पूल के अंदर चिल करती दिख रही हैं. मौनी हर लुक में कहर ढा रही हैं. इंस्टाग्राम पर मौनी रॉय की बहुत तगड़ी फैन फॉलोइंग है, जो उनकी बोल्ड और हॉट तस्वीरों को बहुत पसंद करते हैं. मौनी रॉय एक भारतीय टीवीधफिल्म अभिनेत्री हैं। मौनी रॉय टीवी की दुनिया में नागिन शिवन्या और देवो के देव महादेव में सती के किरदार के लिए जानी जाती हैं। मौनी ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2007 में एकता कपूर के टीवी शो, क्यों सास भी कभी बहु थी से की, इस शो में वह पुलकित सम्राट के अपोजिट नजर आयीं थी। मौनी ने अपने 11 साल के करियर में कई उतार चढाव देखें। हालांकि आज मौनी टीवी की दुनिया की प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस हैं, और अब वह कई फिल्मों में नजर आ रही हैं। वर्ष 2018 मौनी के लिए बेजद भाग्यशाली है, इस साल वह फिल्म गोल्ड में अक्षय कुमार की पत्नी की भूमिका में नजर आयीं। इसके अलावा वह फिल्म तुम बिन 2 में आइटम गीत भी कर चुकी हैं।




# आरआरआर की सफलता से खुश राम चरण ने क्रू मेंबर्स को बांटे सोने के सिक्के



साउथ के सुपरस्टार राम चरण तेजा इन दिनों हर कहीं चर्चा में हैं और उनका चर्चा में होना भी बनता है, क्योंकि उनकी हालिया रिलीज फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म को मिली इस कामयाबी से राम चरण सातवें आसमान पर हैं। अब फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए उन्होंने इसके क्रू मेंबर्स को एक सरप्राइज दिया है। उनकी दरियादिली की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं।

राम चरण ने कैमरा असिस्टेंट, प्रोडक्शन मैनेजर, अकाउंटेंट, स्टिल फोटोग्राफर्स, डायरेक्शन डिपार्टमेंट के अलावा दूसरे डिपार्टमेंट के लगभग 35 क्रू मेंबर्स को सोने के सिक्के बांटे हैं। हैदराबाद में अपने घर पर उन्होंने सबको नाश्ते पर बुलाया और फिर मिठाई के साथ सिक्के गिफ्ट किए। सिक्कों पर एक तरफ अभिनेता का नाम है तो दूसरी तरफ आरआरआर का साइन बना हुआ है। हर एक सिक्का करीब 11.6 ग्राम का है। हर सिक्के की कीमत 55,000 से 60,000 रुपये तक है।

आरआरआर से पहले फिल्म पुष्पा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंदार कमाई की थी। फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने भी क्रू मेंबर्स को तोहफा दिया था। उन्होंने कहा था, मेरी प्रोडक्शन टीम के हर सदस्य ने बहुत मेहनत की है और उनके काम की सराहना करना जरूरी है। मैं टीम के हर सदस्य को उपहार के रूप में 1 लाख रुपये देना चाहूंगा। उन्होंने कहा, वो सभी, जिन्होंने पुष्पा के लिए दिन रात एक कर काम किया, उनका बहुत–बहुत धन्यवाद।

आरआरआर ने 10 दिन के अंदर दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में आमिर खान की फिल्म पीके को भी इसने धूल चटा दी है। निर्देशक एसएस राजामौली की इस फिल्म को लेकर पहले से ही धमाकेदार कमाई का अनुमान लगाया जा रहा था, क्योंकि उनकी फिल्म बाहुबली ने भी बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़े थे। आरआरआर हिंदी में भी कई रिकॉर्ड बना रही है।

आरआरआर 25 मार्च को सिनेमाघरों में आई थी। इसे दर्शकों के साथ समीक्षकों से भी काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के किरदारों, सिनेमेटोग्राफी, स्पेशल इफेक्ट्स, भव्य सेट और किरदारों की काफी तारीफ हो रही है। इसमें राम चरण और जूनियर एनटीआर ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी पर आधारित है। यूएस प्रीमियर शो में 22 करोड़ रुपये कमाने वाली यह पहली भारतीय फिल्म बन चुकी है।

आरआरआर के बाद अब राम चरण की तेलुगु फिल्म आचार्य का दर्शकों को इंतजार है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें पहली बार राम चरण अपने सुपरस्टार पिता चिरंजीवी के साथ नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 29 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

# मामूट्टी ने सीबीआई 5: द ब्रेन में पांचवीं बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई



सीबीआई 5रू द ब्रेन में मलयालम सुपरस्टार मामूट्टी सीबीआई अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। मामूट्टी 35 साल के करियर में पांचवीं बार सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। पहली फिल्म 1988 में ओरु सीबीआई डायरीकुरिप्पु रिलीज हुई थी, इसके बाद जागृत (1989), सेतुराम अय्यर सीबीआई (2004), नेरारियन सीबीआई (2005) में रिलीज हुई थी। वहीं, सीबीआई 5रू द ब्रेन 2022 में रिलीज होगी।

दिलचस्प बात यह है कि मामूट्टी ने न केवल एक ही किरदार निभाया है बल्कि इन सभी फिल्मों में उनके एक ही उम्र को दर्शाया गया है।

मामूट्टी भारत के तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रहे हैं। इसमें वे अंग्रेजी–हिंदी द्विभाषी के लिए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के पुरस्कार से नवाजे गए हैं। उन्होंने तमिल और तेलुगू जैसी भाषाओं में सुपरहिट फिल्में दी हैं।

निर्देशक के. मधु और लेखक एसएन. स्वामी ने भी इन सभी पांच फिल्मों में काम किया है।

स्वामी ने बताया कि, यह हमारे लिए भी अविश्वसनीय है जब हम उन्हें स्क्रीन पर देखते हैं। हमने इन वर्षो में विभिन्न अभिनेताओं को जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाते हुए देखा है, लेकिन यह अभिनेता वास्तव में हमेशा एक नए किरदार के साथ आता है।

प्रोडक्शन हाउस स्वर्गचित्र द्वारा निर्मित, सीबीआई 5रू द ब्रेन मामूट्टी की अब तक की सबसे बड़ी हिट भीष्म पर्वम के बाद रिलीज की जाएगी।

# हैंगिंग चेयर बनेगी आपके घर का आकर्षण, इस तरह ले इस्तेमाल में



इन दिनों होटल हो या घर सभी जगह स्विंग चेयर का चलन नजर आ रहा है । अच्छी बात यह है कि इसका इस्तेमाल करने के लिए आलीशान घर की जरूरत नहीं होती। दो रूम के फ्लैट में भी से आसानी से लगाया जा सकता है । अगर आप अपने घर की सजावट में ज्यादा तामझाम नहीं चाहती। उसे सिंपल तरीके से सजाना चाहते हैं तो घर भी किसी जगह पर स्विंग चेयर लगाने की व्यवस्था जरूर करें । ये घर को ट्रेंडी लुक देगा।

लेस डिजाइन

हैंगिंग डिजाइन एक–सूदिंग इम्पैक्ट देता है ।मोल्डेड डिजाइन देखने में बेहद खूबसूरत लगते हैं। यह इनडोर हैंगिंग के लिए एक अच्छा ऑप्शन है ,जो लोग घर में अपने पर्सनल जगह चाहते हैं घर के कोने में से इसे लगा सकते हैं।

विकरवर्क हैंगिंग चेयर

विकर का फर्नीचर हर घर को नया और कंटेम्पररी लुक देता है। पीसफुल और वार्म फीलिंग के लिए विकर हैंगिंग चेयर में कर्व डिजाइन चुना जा सकता है।

बबल हैंगिंग चेयर

बच्चो के कमरे के लिए बबल हैंगिंग चेयर से बेहतरीन दूसरा कोई ऑप्शन नही है। इस ट्रांसपेरेंट हैंगिंग चेयर के लुक को डिफरेंट कुशन डिजाइन के जरिये बढ़ाया जा सकता है। ये बच्चो के कमरे को बबली और मॉडर्न लुक देता है। साथ ही छोटे बच्चो के लिए झूले का काम करता है।

एग शेप चेयर

इस तरह की चेयर का आकार एग शेप यानी अंडाकार होता है। ये कम जगह लेता है। हैंगिंग चेयर का ये डिजाइन भले ही पुराना हो। लेकिन ट्रेंड से कभी आउट नही होता। पुराने जमाने के हर एक घर मे ऐसी एक चेयर मिल जाती है।

डबल स्विंग चेयरः पिछले कुछ समय मे स्विंग हैंगिंग चेयर में कई तरह के एक्सपेरिमेंट किये गए हैं। ऐसा ही एक बदलाव डबल स्विंग चेयर के साथ देखने को मिला। इसमें फैलाव थोड़ा कम होता है। जिसकी वजह से यर कम जगह घेरते हैं।